राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 151 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## महाराष्ट्र एटीएस का ठाणे के बोरीवली गांव व पडघा में छापा




**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई।** महाराष्ट्र एटीएस (महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता) ने सोमवार को सुबह ठाणे जिले के भिवंडी शहर में स्थित बोरीवली गांव के साथ पडघा में आतंकवाद से जुड़े एक मामले में छापेमारी की है। फिलहाल यहां छापेमारी जारी है और बताया जा रहा है कि करीब आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले की अधिकृत जानकारी एटीएस ने नहीं दी है, लेकिन जानकारी मिली है कि मौके से एटीएस को आतंकवाद से जुड़े डिजीटल सबूत मिले हैं। सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र एटीएस को भिवंडी शहर के बोरीवली गांव और पडघा इलाके में आतंकवाद में संदिग्ध लोगों के इनपुट मिले थे। इसी वजह से एटीएस टीम ने आज सुबह करीब पांच बजे से यहां कई घरों में एकसाथ छापेमारी शुरू की है। छापेमारी के दौरान एटीएस के साथ करीब चार सौ से अधिक पुलिसकर्मी भी मौजूद हैं, जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। एटीएस ने 2003 मुंबई बम धमाकों के मामले में दोषी और सिमी (स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया) के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन के घर की भी तलाशी ली गई है। साकिब नाचन ने 2017 में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद आतंकवादी गतिविधियों में भाग लिया।

## देश में कोरोना से 24 घंटे में 6 मौतें:3976 एक्टिव केस, सबसे ज्यादा 1435 केरल में

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर



तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- अगली कोविड महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। केंद्र कोविड सैंपल कलेक्शन, कोविड सेंटर्स और ट्रांसपोर्ट पॉलिसी नीति की तैयारियों की डिटेल दे। केंद्र सरकार ने कहा- कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा- स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू बेड इत्यादि की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं। मिजोरम में 7 महीने बाद कोविड का पहला केस मिला मिजोरम में 30 मई को 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था।

# भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ लड़ेंगे

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ व्यापक चर्चा की।
- भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

**विदेश संबंध**

- साइबर व संगठित अपराध और नशे की तस्करी जैसी चुनौतियों से लड़ने की अपार संभावनाएं हैं।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच कृषि, फार्मा, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य, महत्वपूर्ण खनिजों, रेलवे और लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर वार्ता हुई। राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस ने पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और भारतीय लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। दोनों पक्षों ने आपसी हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पैराग्वे के प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि पैराग्वे दक्षिण अमेरिका में भारत के महत्वपूर्ण भागीदारों में से एक है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक आदर्श और जनकल्याण की सोच एक जैसी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा कि एमईआरसीओएसयूआर के साथ भारत का प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट है और दोनों देश इसके विस्तार पर काम कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं और उनकी आशाओं, आकांक्षाओं और चुनौतियों में समानता है।

### दुनिया की अग्रणी विमानन कंपनियों के लिए भारत निवेश का उत्कृष्ट अवसर : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया की अग्रणी विमानन कंपनियों के लिए भारत निवेश का उत्कृष्ट अवसर प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक 4 बिलियन डॉलर का रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) हब स्थापित करना है, जो देश की विमानन वृद्धि रणनीति को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह भारत में निवेश के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है।

### देश में सबसे ज्यादा धर्मांतरण का खतरा बस्तर में : धीरेंद्र शास्त्री

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोमवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा धर्मांतरण का खतरा बस्तर में है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में वे जशपुर में कथा करेंगे। वे एशिया के दूसरे सबसे बड़े चर्च के ठीक सामने कथा करेंगे। भारत हिन्दू राष्ट्र बनकर रहेगा। हमने प्लान बना दिया है। उन्होंने कहा,"नक्सलियों को मुख्य धारा में शामिल हो जाना चाहिए और भारत को भारत रहने देना चाहिए"।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासिओस से मुलाकात की।

## सिक्किम में आर्मी कैंप पर भूस्खलन से तीन जवानों की मौत, छह सैनिक लापता

**आपदा**

- भारी बारिश के चलते चेटन स्थित भारतीय सेना के कैंप पर विनाशकारी भूस्खलन हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता।** सिक्किम में भारतीय सेना के कैंप पर भूस्खलन हुआ है, जिससे तीन जवानों के मौत हो गई। भूस्खलन के बाद से छह अन्य अभी भी लापता हैं। सेना ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। रक्षा मंत्रालय के पूर्वी कमान के प्रवक्ता विंग कमांडर हिमांशु तिवारी ने सोमवार को जानकारी दी कि भारी बारिश के चलते रविवार की रात लगभग सात बजे लाचेन जिले के चेटन स्थित भारतीय सेना के कैंप पर विनाशकारी भूस्खलन हुआ, जिसमें तीन जवानों की जान चली गई। इस हादसे में चार जवानों को मामूली चोटों के साथ सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जिन तीन जवानों के पार्थिव शरीर बरामद हुए हैं, उनमें हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और एक पोर्टर अभिषेक लखड़ा हैं। सेना की राहत टीमें अत्यंत विषम भू-भाग और खराब मौसम की चुनौतियों के बावजूद लगातार तलाशी अभियान चला रही हैं, ताकि लापता छह कर्मियों को जल्द से जल्द खोजा जा सके। घटनास्थल पर दिन-रात अभियान जारी है। भारतीय सेना ने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। सेना ने कहा गया है कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### इस्राइली सेना ने गाजा पट्टी में आवासीय इमारत को बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया/गाजा सिटी।** इस्राइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। इसमें 14 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शिफा और अल-अहली अस्पताल ने उत्तर गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में हमले में पांच महिलाएं और सात बच्चे मारे जाने की पुष्टि की है। इस्राइली सेना ने इस मामले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इस्राइल का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाता है और नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करता है। वह नागरिकों की मौत के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराता है, क्योंकि यह चरमपंथी संगठन आबादी वाले इलाकों में सक्रिय है।

## देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आंकलन कर रहे हैं: खुर्शीद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को पोस्ट में लिखा- जब भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं। यह दुखद है। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? सलमान के बयान को उनकी पार्टी और विपक्ष के नेताओं के बयान के खिलाफ देखा जा रहा है। एक मई को



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी खुद की तारीफ करना बंद करें। उन्हें दुश्मन पर ध्यान देना चाहिए। सलमान खुर्शीद JDU सांसद झा के नेतृत्व वाले उस डेलिगेशन में शामिल हैं जो आतंकवाद के खिलाफ विदेशी दौरे पर हैं।

## रूस से 2026 तक एस-400 मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** रूस 2025-26 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की शेष दो इकाइयों की आपूर्ति कर दी जाएगी। रूस के भारत में मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि हाल ही में भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान इस प्रणाली ने ह्यबहुत कुशलता सेह्न काम किया। बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का भी संकेत दिया।



बाबुश्किन ने कहा, हम जो अनुभव कर रहे हैं, यूरोप और यहां की स्थिति के अनुसार वायु रक्षा प्रणाली, सामान्य तौर पर रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के लिए यह एक आशाजनक विषय है। शेष दो एस-400 इकाइयों की आपूर्ति घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। रक्षा सहयोग के संभावित विस्तार पर, बाबुश्किन ने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर बातचीत के विस्तार को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय वायुसेना ने ए भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया था।

**शस्त्र आपूर्ति**

- रूस 2025-26 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की शेष दो इकाइयों की आपूर्ति कर दी जाएगी।

## कर्नाटक में धारदार हथियारों से शख्स की सरेआम हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/कोप्पल।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के तवरगेरा में 31 मई को एक शख्स की सरेआम धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें रात 10 बजे करीब सात लोग तलवार और गंडासा लेकर एक बेकरी शॉप के अंदर घुसे और शख्स पर हमला कर दिया।मृतक की पहचान 35 साल के चेनप्पा हुसेनप्पा नरिनाल के रूप में हुई है। हमलावरों ने चेनप्पा की गर्दन, सिर, पीठ और शरीर के कई जगहों पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

चेनप्पा खुद को बचाने के लिए चिल्ला रहा था। उसने बेकरी में इधर-उधर भागने की भी कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उस पर हमले किए। एक आरोपी ने उसके सिर पर लाठी से भी वार किया। हमलावरों ने पहले बेकरी के अंदर हमला किया। फिर उसे बाहर घसीटा और तब तक हमला किया जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई।

पुलिस ने मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान रवि, प्रदीप, मंजूनाथ (दो आरोपियों के नाम हैं), नागराज, गौतम और प्रमोद के रूप में हुई है। अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

**मर्डर**

- घटना सीसीटीवी में कैद, सात लोग बेकरी के अंदर घुसे, दौड़ा-दौड़ाकर हमला किया

**पुख्ता सबूत**

वन संरक्षण को जन सहभागिता सुनिश्चित करने को आवाहन, मुख्यमंत्री ने किया वन मित्रों की पासिंग परेड का निरीक्षण

# हमीरपुर में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना का शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नादौन के दो महिला मंडलों अमलैहड़ व भवड़ां को प्रमाणपत्र प्रदान किए। यह दोनों महिला मंडल दो-दो हेक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण करेंगे और पांच वर्षों तक इनकी देखभाल भी सुनिश्चित करेंगे। इस योजना के तहत बंजर और क्षतिग्रस्त वन क्षेत्रों में फलदार पौधों का रोपण कर हरित आवरण बढ़ाया जाएगा। इस योजना से महिला मंडलों, युवक मंडलों और



स्वयं सहायता समूहों को जोड़कर लोगों को रोजगार और आय के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने ग्रीन एडॉप्शन योजना का शुभारम्भ किया। पहले चरण में अंबुजा कंपनी 25 हेक्टेयर, अडानी फाउंडेशन 10 हेक्टेयर तथा अल्ट्राटेक 10 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण कर उनकी देखभाल सुनिश्चित करेंगे, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रमाण-पत्र सौंपे। इस योजना के तहत निजी उद्यम, कंपनियां और गैर-सरकारी संगठन बंजर वन भूमि को गोद लेकर पौधरोपण करेंगे। यह योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कंपनियों को कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी प्रदान करती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त वन मित्रों की पासिंग परेड का निरीक्षण किया और उनके साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यवन विभाग में फील्ड स्टाफ की कमी थी, जिससे वन संरक्षण में बाधा आ रही थी। इसलिए मेरिट के आधार पर वन मित्रों की नियुक्ति की गई है और इसमें बेटियां नौकरियां प्राप्त करने में आगे निकल गई। आप निश्चिंत रहिए, आपकी भविष्य की नीति पर विचार किया जाएगा।

**वन संवर्धन**

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नादौन के दो महिला मंडलों अमलैहड़ व भवड़ां को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## अमेरिका में दो पुलिस अधिकारियों पर हमला, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में दो पुलिस अधिकारियों पर शनिवार रात घात लगाकर हमला किया गया। इस हमले में एक अधिकारी की मौत हो गई। यह गोलीबारी लॉस एंजिल्स काउंटी के बाल्डविन पार्क शहर में प्रशांत समयानुसार शाम 7:12 बजे हुई। लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट जी. लूना ने कहा कि दोनों पुलिस अधिकारियों की चेतावनी पर संदिग्ध ने उन पर गोली चला दी। बाल्डविन पार्क के मेयर एलेजांद्रा एविला ने कहा कि हमले में पुलिस अधिकारी सैमुअल रिवरोस की मौत हो गई।

# युवा वर्ग पढ़ाई व खेलों में रुचि लेकर राष्ट्रहित में जुटे: एसपी

## नशा मुक्त मुहिम के लिए कैथल पुलिस का नशे के खिलाफ विशेष अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नसीब सैनी**
**कैथल:** नशा मुक्त मुहिम के तहत कैथल पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तहत एसपी आस्था मोदी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो। नशा समाज को खोखला कर रहा है। इसी मुहिम तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में एसआई कर्मबीर, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील,





एसपीओ प्रदीप कुमार की 2 नशा जागरूक टीमें बनाई गई है। यह टीमें गांव गांव जाकर आमजन सहित युवाओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव बारे बताते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। आगे भी कैथल पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान को गति देते हुए जहां पर लगातार आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाकर नशा ना करने बारे जागरूक किया जाएगा, वहीं पर नशा के सौदागरों का नेटवर्क कुचलने के लिए विशेष मुहिम चलाकर नशा तस्करों को सलाखों पीछे भेजने का काम किया जाएगा। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा, जो देश के भविष्य है। एसपी ने कहा कि युवा वर्ग पढाई व खेलों में रूचि लेकर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रहित में अपना योगदान देकर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करें। पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है।

## न्यूज फ्लैश

### झरोठी टोल के पास बैठे युवक पर लोगों ने किया हमला, मामला दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत:** एन एच 334बी के झरोठी टोल प्लाजा के पास स्थित एक किराने व चाय की दुकान पर बैठे झरोठी गांव के एक युवक पर गँव के ही कुछ युवकों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल नवीन का कहना है कि आरोपियों ने बीते दिन पहले भी इस दुकान पर आकर दुकान मालिक पर हमला कर उसे भी घायल कर दिया था।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहिद उर्फ गब्बर पुत्र** फारूक उर्फ इसरार, **निवासी:** ए–121, गली नं0–02, जियाउद्दीनपुर, मुस्तफाबाद, दिल्ली, ने **FIR No. 411/22, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन करावल नगर, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहिद उर्फ गब्बर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहिद उर्फ गब्बर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 411/22, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन करावल नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **शाहिद उर्फ गब्बर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04,
कमरा नं0 64, चतुर्थ तल, उत्तर–पूर्व जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/6935/NE/2025
(Court Matter)

# विदेश जाने वाले सरकारी मान्यता प्राप्त एजेंट से करें संपर्क: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया/ नसीब सैनी**
**कैथल:** शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेंटों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें।
यह बात एसपी आस्था मोदी ने वीजा के नाम पर धोखाधड़ी की बढ़ रहे मामलों के मद्देनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही। जिला पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि हरियाणा के काफी लोगों की विदेश जाने की इच्छा होती है। लोगों की इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रैवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों के माध्यम से एजेंट पीड़ितों को अपने झांसे में फंसा लेते हैं। एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं।
बहुत से मामलों में ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते हैं और वहां से जंगलो, समुद्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कंटेनरों द्वारा गैर कानूनी



**सतर्कता**

**जिला पुलिस ने पब्लिक को एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की**

तरीके से सीमा पार करवाते हैं। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठंड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डूबने या कंटेनर में दम घुटने से मृत्यु हो जाती है।
बहुत से मामलों मे इस प्रकार से विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा-धमकाकर गलत कार्य करवाये जाते हैं।
आपके द्वारा बरती गई थोड़ी-सी सावधानी आपको ऐसे ठगों का शिकार होने से बचा सकती है। विदेश जाने से सम्बंधित कार्यों को लेकर हमेशा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंटों की सेवाएं लें और पैसों का भुगतान करने से पूर्व उसे एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें।

# गांव में पेंशन न मिलने पर लाचार बुजुर्गों को जाना पड़ता है सात किलोमीटर दूर गांव बाता में

**टीम एक्शन इंडिया/नसीब सैनी**
**कैथल:** लाठी का सहारा लेकर कैथल पहुंचे बुजुर्ग गांव खरक पांडवा के है जो पेंशन ने मिलने से परेशान हैं। इनका कहना है कि गांव में पेंशन न मिलने पर उनको गांव से सात किलोमीटर दूर गांव बाता जाना पड़ता है। गांव में पेंशन बाटने वाले पर आरोप लगाते हुए बताया कि जो गांव में पेंशन बांटता है वो अपने घर में ही पेंशन बांट रहा है, साथ ही बुजुर्गो से ठीक ढंग से बात नहीं करता और जिस जगह पेंशन बांटी जाती है, वहां बैठने और पीने के पानी की समस्या है जिसको लेकर गांव के बुजुर्ग कई महीनों से परेशान हैं। कई बार तो गांव बाता में पेंशन लेने जाते समय कई बजुर्गो को चोट भी लग चुकी है। गांव से आए बजुर्ग



रामकिशन, फूला, भजन सिंह, चंद्रभान ने बताया कि काफी परेशान होने के बाद दर्जनों बुजुर्ग गांव से छोटा हाथी में बैठकर कैथल जिला समाज कल्याण ऑफिस में आए हैं, जहां उन्होंने गांव में पेंशन बांटने वाले को बदलने और गांव की ही चौपाल या गांव में ही पेंशन बांटने की बात कही ताकि गांव के बजुर्गो को पेंशन को लेकर गांव बाता न जाना पड़े और सभी सुविधाओं के साथ गांव में ही पेंशन मिल सके। इस बारे में समाज कल्याण अधिकारी सुदेश कुमार धीमान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांव खरक पांडवा के बुजुर्ग ठीक ढंग से पेंशन न मिलने से परेशान थे जो आज मेरे से मिले हैं, मेरे द्वारा उनको आश्वाशन दिया गया है कि जो भी इस संबंध में करवाई बनती है वो की जाएगी ताकि बजुर्गो को पेंशन मिलने पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। बैंक द्वारा गांव में पेंशन बांटने वाले जगबीर ने बताया कि मेरे द्वारा गांव में पेंशन बांटी जाती है किसी भी बुजुर्ग को कोई परेशानी नहीं है जिनका बायोमैट्रिक अंगूठा नहीं लगता है वो गांव बाता में बैंक में पेंशन लेने जाते हैं।

**पेंशन**

**कई बार तो गांव बाता में पेंशन लेने जाते समय कई बजुर्गो को चोट भी लग चुकी है।**

## हाई वोल्टेज से इलैक्ट्रीशियन की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत:** जाटल रोड स्थित एक वेल्डिंग की दुकान के बाहर लगी स्ट्रीट लाइट ठीक करते समय हाइवोल्टेज तारों की चपेट में आने से इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकित के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने आरडी वेल्डिंग वर्कर्स के दुकानदार पर जबरन बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कराने का आरोप लगाया है। गांव अटावला निवासी सुशील ने बताया कि उसका भतीजा अंकित बिजली का काम करता था। उसने जाटल रोड आरडी वेल्डिंग वर्कर्स वाले दुकानदार की निमार्णाधीन कोठी पर काम किया था। जिसकी वह अपनी पेमेंट मांग रहा था, लेकिन दुकानदार नहीं दे रहा था। सुशील ने बताया कि सोमवार की सुबह अंकित अपने पैसे मांगने दुकानदार के पास गया। इस पर दुकानदार ने अंकित से दुकान के बाहर लगी खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करने को कहा। सुशील का आरोप है कि दुकानदार जबरन अंकित को दुकान पर ले गया।

# पुलिस ने गला दबाकर पत्नी की हत्या के आरोपी पति को किया गिरफ्तार

**हत्याकांड**

**थाना तितरम एसएचओ एसआई कृष्ण कुमार की टीम ने पत्नी के हत्यारोपी रमेश कुमार को गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नसीब सैनी**
**कैथल:** थाना तितरम क्षेत्र में पति द्वारा गला दबाकर पत्नी की हत्या करने के मामले की जांच थाना तितरम एसएचओ एसआई कृष्ण कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सेगा निवासी रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पातड़ा जिला पटियाला पंजाब निवासी बच्चन सिंह के अनुसार उसके पास चार लड़की व एक लड़का है, जिसमें उसने दो लड़कियों की शादी गांव सेगा में की हुई थी। 15 मई को उसके लड़के की शादी में उसकी लड़की राजेंद्र कौर उर्फ रजनी व दामाद सेगा निवासी रमेश भी आए हुए थे। शादी में डीजे विवाद में उसकी लड़की राजेंद्र कौर व दामाद रमेश में कहासुनी हो गई। जिसके बाद रमेश ने हत्याकांड कर दिया।




## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड– द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर– 560071

### सोने के आभूषणों की बोली के लिए सार्वजनिक सूचना

निर्धारित समय सीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद/स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, अब उनकी सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में 23-06-2025 को सुबह 10:30 बजे। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 32818730012693 | Shabnam Salauddin | 3.5 |
| 2 | 32818740001103 | Manoj Kwatra | 158.1 |
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग-9, हरगोविंद एन्क्लेव, नई दिल्ली, दिल्ली-110092 (लैंडमार्क: इंडियन ओवरसीज बैंक) | | | |
| 3 | 32638740000417 | Sunita Devi | 8.81 |
| 4 | 32638730019456 | Sanjay S | 8.59 |
| 5 | 32638730019278 | Manisha D | 8.4 |
| 6 | 32638740000420 | Jai Mala Devi | 12.91 |
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ऊपरी तल तल, बिल्डिंग नं.के-1, मॉडल टाउन, दिल्ली-110009 | | | |
| 7 | 47938730022318 | Shadabnaz Imrankhan | 6.5 |
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, संपत्ति संख्या सी-3, हस्तसाल गांव, मिलाप नगर कॉलोनी, नई दिल्ली-110059, भारत। | | | |
| 8 | 30808730047656 | Shama Parveen | 4.56 |
| 9 | 30808730047528 | Moni Devi | 5.1 |
| 10 | 30808730047593 | Guddo Aslam | 7.45 |
| 11 | 30808730048149 | Danish | 6.9 |
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, संपत्ति संख्या बी-109, ज्योति कॉलोनी, दुगार्पुरी चौक के पास, शाहदरा, दिल्ली-110032, भारत। | | | |
| 12 | 30908730016650 | Raju | 8.5 |
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 74, ब्लॉक नंबर डी (डी-74), मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017, भारत। | | | |
| 13 | 30218740002596 | Seema S S | 8.98 |
| 14 | 30218740002455 | Sahil Chauhan | 26.43 |
| 15 | 30218740002633 | Sunny Kumar | 25.86 |
| 16 | 30218730018281 | Ramu Paswan | 4.98 |
| 17 | 30218740002531 | Kiran | 80.33 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, नंबर 8, पश्चिम एन्क्लेव, रोहतक रोड, पीरा गहरी चौक के पास, सामने। मारुति शो रूम, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110087, भारत | | | |

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 03-06-2025
एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड


# सड़क और भूमिगत पाइपलाइन का विधायक व मेयर ने किया शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मबीर**
**यमुनानगर:** नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर आठ में 24.75 लाख रुपए सड़क और भूमिगत पाइपलाइन का यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और मेयर सुमन बहमनी ने नारियल फोड़ शिलान्यास किया। नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर आठ में पंजाबी चाप की दुकान से यमुना गारमेंट्स दुकान तक व अमृतसरी कुलचा दुकान से रॉयल लुक गारमेंट्स दुकान तक की सड़कों व अंडरग्राउंड पाइपलाइन डालने का कार्य किया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना है। वार्ड नंबर आठ में यह कार्य जनता को जल निकासी की समस्या से राहत देगा और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेगा। गलियों व सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आसान राह मिलेगी। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित एजेंसियों व ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे इन विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल करें। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि शहर के प्रत्येक कोने तक विकास की रोशनी पहुंचे, यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर के लोगों को हर सुविधा मिले, इसके लिए वे लगातार निगम और प्रशासन के साथ समन्वय में कार्य कर रहे हैं।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजन उर्फ भोला, पुत्रः कन्हैया, पताः सी–4/204, गली नंबर 1, नंगली विहार एक्सटेंशन, बापरोला, दिल्ली** ने **FIR No. 09576/2022, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना जनक पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजन उर्फ भोला** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **राजन उर्फ भोला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जनक पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **राजन उर्फ भोला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हरजोत सिंह औजला,
जेएमएफसी–11, दक्षिण पश्चिम जिला, कमरा नं. 05
द्वारका न्यायालय, दिल्ली

DP/5930/WD/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) चिंटू उर्फ जोगिंदर पुत्र** तिलक सिंह, **निवासी:** डी–1/407, नंद नगरी, दिल्ली, **(2) सुरेंद्र पुत्र** राम भुजरत, **निवासी:** डी–221, नंद नगरी, दिल्ली, ने **FIR No. 587/2020, U/S 3/4/9/55 G. Act, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली–93,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) चिंटू उर्फ जोगिंदर (2) सुरेंद्र** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) चिंटू उर्फ जोगिंदर (2) सुरेंद्र** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 587/2020, U/S 3/4/9/55 G. Act, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली–93,** के उक्त अभियुक्त **(1) चिंटू उर्फ जोगिंदर (2) सुरेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं0–19, प्रथम तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/6962/NE/2025
(Court Matter)

# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मै जोकि बलवान सिंह पुत्र मौजी राम निवासी शिवाजी नगर, रेलवे रोड,गन्नौर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत अपने हल्फ से बयान करता हू कि मेरा लडका विनय कुमार व उसकी पत्नी सरीना को किसी गलत फहमी से अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। लेकिन अब विनय का उसकी पत्नी सरीना को तलाक हो गया और विनय कुमार ने दूसरी शादी कर ली है। मेरा लड़का विनय कुमार हमारे पास सही तरह से रहता है और सभी बाते मानता है हमारी गलत फहमी दुर हो गई है अब में उसकी बेदखली रद्द करता हु और उसे पुत्र वाले सभी हक और चल अचल सम्पत्ति में पूरा अधिकार देता हूं।

शपथ कर्ता
बलवान सिंह

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली की आठवीं विधानसभा का एक सौ दिनों का रिपोर्ट कार्ड होगा जारी

## स्पीकर ने दिल्ली विधानसभा की नियमावली में बदलाव की घोषणा की

**विधानसभा**

**सरकार की उपलब्धियों को चिह्नित करने के लिए एक विशेष रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है।**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा नियमावली के नियम 280 की समीक्षा और उसमें संशोधन कर उसे लोकसभा और राज्यसभा की प्रक्रिया के अनुरूप बनाने की घोषणा की। यह बदलाव एनसीटी दिल्ली (संशोधन) अधिनियम 2021 के अनुसार किया जाएगा। इसके साथ ही विधान भाषा को सरल बनाने और लैंगिक-निरपेक्ष शब्दों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इससे विधानसभा की कार्यप्रणाली अधिक समावेशी, स्पष्ट और समानता आधारित बन सके। सोमवार का विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने एक बयान जारी कर बताया कि आठवीं विधानसभा का एक सौवा कार्य दिवस चार जून को है। इस अल्प अवधि में कई ऐतिहासिक निर्णय और सुधार किए गए हैं। इन उपलब्धियों को चिह्नित करने के लिए एक विशेष रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है। इसमें विधानसभा के पहले एक सौ दिनों की प्रमुख उपलब्धियां, निर्णय और सुधारों का विवरण होगा। यह प्रकाशन पारदर्शिता, जवाबदेही और सुधारवादी शासन के प्रति विधानसभा की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक दो पूर्ण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं, जबकि पहले हर साल केवल एक सत्र होता था। कुल 12 बैठकें हुईं, जिनमें 46 घंटे 16 मिनट तक कार्य हुआ। जो पिछले 25 वर्षों में सबसे अधिक रहा है। इसमें कई बार कार्यवाही शाम 7 बजे तक चली। अब सदन को 'अवसान' किया जा रहा है, न कि अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, जो अधिक नियोजित और जवाबदेह विधान कार्य प्रणाली की ओर संकेत करता है। अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और ट्रांसजेंडर व दिव्यांग व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए दो नई समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों के ढांचे और कार्यप्रणाली को नियम समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जहां लोकसभा और राज्यसभा की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उन्हें अपनाया जाएगा।

### '100 दिनों में लापरवाह अधिकारियों पर की कार्रवाई', मंत्री प्रवेश वर्मा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रवेश वर्मा ने भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता का विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी को बहुत आशीर्वाद मिला है।

उन्होंने कहा कि इन 100 दिन में एक बात बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि पूर्व के मुख्यमंत्री की तरह आरोप प्रत्यारोप नहीं हो रहे हैं। जनता कोई काम बताती है तो हम कहते हैं कि ये हमारा काम है, हम इसे करवाएंगे। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने इस बार 15 लाख मीट्रिक टन अभी तक गाद निकाली है, 156 पोस्ट स्वीकृत की हैं।

**15 जून तक सभी नाले साफ होंगे: प्रवेश वर्मा**

उन्होंने कहा कि बारापुला, सुनहरी पुला चौड़ा किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के बारे में कहा कि अब सड़कों को लेकर 5 काम को लेकर एक ही टेंडर होग, जिसमें सड़क, फुटपाथ, नाले सभी कुछ बनेंगे।

# कोरोना को लेकर दायर अवमानना याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त

**कोरोना**

**कोर्ट ने कहा कि 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों में कहीं कोई कमी है तो यह एक गंभीर मुद्दा है।**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के बीच एक अवमानना याचिका पर कोरोना सैंपल लेने, सैंपल संग्रह केंद्रों व इसके ट्रांसपोर्ट के संबंध में तैयार की गई नीति पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र व दिल्ली सरकार को स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत के पूर्व आदेश के बाद हुई बैठक व इसमें निकले परिणाम की सूचना हाईकोर्ट को नहीं देने पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने कहा कि अदालत के पूर्व आदेश के तहत केंद्र सरकार ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि 30 मई 2023 को हुई बैठक का क्या नतीजा निकला और उसके बाद क्या फैसला लिया गया। हालांकि, पीठ ने कहा कि पहली नजर में अवमानना याचिका का कोई मतलब नहीं बनता क्योंकि बैठक में उप-समितियों के गठन का फैसला लिया गया था।

**कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई: कोर्ट**

अदालत ने कहा कि यह देखते हुए कि कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है और वास्तव में समुदायिक केंद्रों में संक्रमण की रिपोर्ट आ रही है। कोर्ट ने कहा कि अगर 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों में कहीं कोई कमी है तो यह एक गंभीर मुद्दा है। अदालत ने केंद्र सरकार की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि केंद्र सरकार के अधिकारियों को न्यायिक निर्देशों से अवगत कराया जाए और छह सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट पेश की जाए। मामले में अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

**अधिकारियों द्वारा अनुपालन नहीं करने का आरोप**

अदालत ने उक्त निर्देश डॉ. रोहित जैन द्वारा दायर अवमानना याचिका दिया। रोहित जैन ने 27 जनवरी 2023 को अदालत द्वारा पारित आदेश का अधिकारियों द्वारा अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाया है। अदालत के आदेश पर 30 मई 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें पैथोलाजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों की चार उप-समितियों के गठन का निर्णय लिया गया था। समिति को नमूना संग्रह, नमूना संग्रह केंद्रों और नमूना ट्रांसपोर्ट नीति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को बनाने व रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

# दिल्ली सुल्तानपुरी में दो शातिर चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो शातिर चोरों को पकड़ा है। ये दिन में इलाके में घूमकर रेकी करते थे, फिर रात्रि में वारदात को अंजाम देते थे। आरोपी अकरम पहले भी 23 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और वह थाना अमन विहार का घोषित अपराधी है। आरोपी हर्ष उर्फ भांजा पहले भी आठ आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल और छह मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 30 मई को सुल्तानपुरी के लखी राम चौक पर नियमित गश्त के दौरान पुलिस टीम को मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। तो वे तेजी से भागने लगे।

# मंडावली से दो बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू

**घुसपैठ**

**आरोपी अकरम पहले भी 23 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और वह थाना अमन विहार का घोषित अपराधी है।**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली के मंडावली इलाके से अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेश के दो नागरिकों के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इन दोनों के पास से बांग्लादेश के पहचान पत्र भी बरामद हुए हैं। दरअसल, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इन दोनों का 29 मई को पकड़ा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की तलाश और कार्रवाई का जिम्मा सौंपा गया था। टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंडावली गांव में मामून खान (30) और इसकी पत्नी माऊ खान (24) को संदिग्धों की गतिविधियों के बाद पकड़ लिया था। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश के निवासी हैं और बिना किसी वैध वीजा या दस्तावेज के भारत में रह रहे हैं। डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि पुलिस की जांच के बाद दोनों के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दोनों ने करीब छह महीने पहले भारत-बांग्लादेश सीमा तक पहुंचे और बिना किसी पासपोर्ट के खेतों के बीच से सीमा पार की और दिल्ली पहुंच गए। दिल्ली आने के बाद दोनों ने मंडावली इलाके में सब्जी बेचने का काम शुरू कर दिया।

# ट्रांसपोर्टरों ने दी 28 सौ क्लस्टर बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी

**चेतावनी**

**ट्रांसपोर्टरों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने फरवरी से अब तक 10 किस्तों का भुगतान नहीं किया है।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन 2800 से अधिक क्लस्टर बसों का संचालन खतरे में है। दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डिम्ट्स) के तहत निजी ट्रांसपोर्टरों द्वारा संचालित इन सीएनजी बसों के मालिकों पर दिल्ली सरकार का 300 करोड़ रुपये का कर्ज है। ये बसें एसी में नीले रंग और सामान्य में नारंगी रंग में दिल्ली की सड़कों पर दौड़ती हैं। ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि सरकार ने फरवरी से अब तक 10 किस्तों का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में उन्होंने बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी दी है। पहले बसों के संचालन का भुगतान हर माह तीन किस्तों में मिलता था, लेकिन फरवरी में सिर्फ दो किस्तों का भुगतान हुआ। दिल्ली की सड़कों से ब्लू लाइन वर्ष 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान से निजी बस ऑपरेटरों को डिम्ट्स के तहत जोड़ा गया था। ये बसें परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित रूटों पर चलती हैं।

# सिरसा ने किया चार सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**कार्य-शुभारंभ**

**मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि चाहे क्षेत्र की मड्डी वाली गली हो या डी-ब्लॉक की कॉलोनियां हर गली, हर सड़क अब तरक्की की नई कहानी कहेगी।**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में चार सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। यह जानकारी मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि चाहे क्षेत्र की मड्डी वाली गली हो या डी-ब्लॉक की कॉलोनियां हर गली, हर सड़क अब तरक्की की नई कहानी कहेगी। इन कार्यों के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का मजबूत नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से ही यह विकास यात्रा आगे बढ़ेगी। इससे पहले पर्यावरण मंत्री ने नवजीवन स्कूल में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के समय बच्चों की आंखों में हरियाली के सपने देखे। विश्व पर्यावरण दिवस के इस सप्ताह में मंत्री ने प्रकृति से प्रेम को सिर्फ शब्दों में नहीं, काम में भी बदलने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सिर्फ एक दिन की मुहिम नहीं, यह एक जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना, जल बचाना और धरती को संवेदनशीलता से देखना असली विकसित भारत और विकसित दिल्ली का सपना है।

# लूटपाट के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार



**अपराध**

**पुलिस ने आरोपियों से 40 हजार रूपए नकद, चोरी की मोटरसाइकिल, एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया है।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह हाल के दिनों में क्षेत्र में हुई दो बड़ी लूट की वारदातों में शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 हजार रूपए नकद, एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने सोमवार को बताया कि पहली वारदात 21 मई को घटी, जब संदीप कुमार नामक युवक, जो एयरटेल में कलेक्शन एजेंट है, 90 हजार रुपए लेकर गीता कॉलोनी स्थित ऑफिस जा रहा था। जैसे ही वह ईस्ट आजाद नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो दो हेलमेट पहने बदमाशों ने उसकी स्कूटी रोककर हथियार के बल पर लूट को अंजाम दिया। दूसरी वारदात 22 मई को हुई, जब विश्वास नगर निवासी राज कुमार सिंह 3.34 लाख की नकदी लेकर लौट रहे थे। झिलमिल रेलवे अंडरपास के पास दो युवकों ने उन्हें रोका, मारपीट की और उनकी स्कूटी समेत नकदी लूटकर फरार हो गए। डीसीपी के अनुसार इन घटनाओं के बाद शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ, थाना कृष्णा नगर, विवेक विहार और तकनीकी निगरानी टीमों ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। सीसीटीवी विश्लेषण और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर मुख्य आरोपी रमेश्वर माथुर उर्फ रामू की पहचान की गई। पुलिस ने लगातार निगरानी के बाद उसे उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव तहौर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने दोनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि उसने लूटी गई रकम का एक बड़ा हिस्सा क्लब में खर्च किया और कुछ पैसों से अपने कर्ज चुकाए। उसके बयान पर पुलिस ने सह आरोपी विजय सिंह को भी 27 मई को गिरफ्तार किया। विजय मूलतः गाजियाबाद का निवासी है और आर्थिक तंगी के कारण अपराध की दुनिया में आया।

# महिला ने बच्चों के साथ मिलकर की सौतन की हत्या

**क्राइम**

**हत्या के बाद महिला ने घर में चोर घुसने की झूठी कहानी बनाकर पुलिस को फोन कर किया गुमराह**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दक्षिणी पूर्वी जिले के जामिया नगर इलाके में सोमवार सुबह एक महिला ने बच्चों के साथ मिलकर अपनी सौतन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद महिला ने घर में चोर घुसने की कहानी बनाकर पुलिस को फोन कर दिया। सूचना के बाद पहुंची जामिया नगर थाना पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दक्षिण पूर्वी दिल्ली जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जामिया नगर इलाके में सोमवार सुबह 4:25 बजे पुलिस को सूचना मिली कि इलाके के एक फ्लैट में दो संदिग्ध घुसे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को चौथी मंजिल के एक फ्लैट में 35 वर्षीय महिला नसबु का खून से लथपथ शव मिला। महिला के गले और पेट पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि नसबु अपने पति अंसार खान की दूसरी पत्नी थी। अंसार खान की पहली पत्नी अफसरी और उनके तीन नाबालिग बेटे उसी फ्लैट में रहते हैं। अंसार खान फिलहाल सऊदी अरब में काम कर रहा है। पुलिस के अनुसार शुरूशाती जांच में मौके पर जबरन प्रवेश के कोई निशान नहीं मिले। जिससे पुलिस को संदेह हुआ कि वारदात घर के भीतर के ही किसी सदस्य ने की है। पूछताछ में अफसरी और उसके दोनों बेटों ने हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नसबु और अफसरी के बीच अक्सर घरेलू झगड़े होते थे और अफसरी को अपनी सौतन से खतरा महसूस होता था। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया।

# अवैध हथियारों के साथ दो कुख्यात बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**लूटपाट**

**मोटरसाइकिल चोरी और झपटमारी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, चोरी का सामान भी बरामद**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** मध्य जिले की एएटीएस की टीम ने अवैध हथियारों के साथ दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो मोटरसाइकिल चोरी कर झपटमारी की वारदातों को अंजाम देते थे। उनके कब्जे से दो पिस्टल, एक कारतूस, झपटी गई सोने की चेन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपितों की पहचान बापा नगर के शुभ उर्फ चोखा और विशाल उर्फ बंटी के रूप में हुई है। विशाल हौज खास थाने में हत्या के मामले में पैरोल पर था, जो पहले हत्या, हत्या के प्रयास, सहित चोरी के सात मामलों में शामिल रहा है, वहीं शुभ झपटमारी व चोरी के दस मामलों में शामिल रहा है। उपायुक्त एम हर्षवर्धन के मुताबिक, 13 अप्रैल की शाम थाना राजिंदर नगर और थाना पटेल नगर में झपटमारी के दो मामले दर्ज हुए थे, जिसमें शिकायतकताओं ने बताया था कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने उनका मोबाइल फोन और सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए।

# 'मेवाती गैंग' का शातिर सरगना गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 'मेवाती गैंग' के सरगना राहुल खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अंतरराज्यीय स्तर पर एटीएम चोरी, डकैती, हत्या की कोशिश, गौ वध और अवैध हथियारों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एजीएस यूनिट ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपी राहुल खान को हरियाणा के नूंह जिले के गांव अड़बर से गिरफ्तार किया। आरोपित की गिरफ्तारी पूर्व में पकड़े गए अपराधी सबीर की निशानदेही पर की गई, जिसने खुलासा किया कि उसके पास से बरामद हथियार राहुल खान ने ही उपलब्ध करवाए थे। सबीर और एक अन्य आरोपित मुन्फेद को 13 मई को दिल्ली के बिजवासन-नजफगढ़ रोड के पास से एक बोलेरो गाड़ी में पकड़ा गया था। उनके पास से दो पिस्तौल बरामद हुए थे। पूछताछ के दौरान आरोपित ने एक ठिकाने का खुलासा किया, जहां से दिल्ली के छावला नाले के पास से एक और अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया। राहुल खान के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के विभिन्न थानों में कुल 20 से अधिक संगीन अपराधों के मामले दर्ज हैं।

# स्पेशल स्टाफ ने सीमापुरी से 16 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के सीमापुरी इलाके में विदेशी सेल और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 30 मई को खुफिया सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में चारपुरुष, पांच महिलाएं और सात बच्चे (जिनकी उम्र पांच वर्ष से अधिक है) शामिल हैं। डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि जिले की विदेशी सेल को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी नागरिक उत्तर प्रदेश-दिल्ली सीमा के पास शहीद नगर से होते हुए सीमापुरी में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना को पुख्ता कर एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें विदेशी सेल और स्पेशल स्टाफ के अधिकारी शामिल थे। पुलिस ने निगरानी और सूत्रों से प्राप्त पहचान के आधार पर सीमापुरी में प्रवेश कर रहे समूह को रोक लिया और मौके पर ही सभी 16 लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान पुष्टि हुई कि सभी बांग्लादेशी नागरिक हैं, जो बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के भारत में घुसे थे। गिरफ्तारी के बाद सभी को दस्तावेजी प्रक्रिया के लिए थाने लाया गया और विदेशी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया है। गिरफ्तार लोगों ने पूछताछ में बताया कि वे करीब 18-19 साल पहले बांग्लादेश के अपने गांवों से गरीबी से तंग आकर रोजगार की तलाश में निकले थे। ये गांव भारत-बांग्लादेश सीमा से केवल 40-50 किलोमीटर दूर स्थित हैं। आगे पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने रात के अंधेरे में सीमा पार की थी। ये लोग फिर ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। बाद में हरियाणा में मजदूरी करने लगे।

### मदनपुर खादर में विकलांग युवती की अपहरण के बाद गला दबाकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के मदनपुर खादर इलाके में एक विकलांग युवती की अपहरण के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। युवती शनिवार रात अपने परिजनों के साथ घर की छत पर सो रही थी। देर रात उसका शव घर के समीप बनी एक खाली झुग्गी में पड़ा मिला। पुलिस ने अपहरण व हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अभी युवती के साथ रेप या सेक्सुअल असॉल्ट की पुष्टि तो नहीं की मगर इससे इंकार भी नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय विकलांग युवती अपने परिवार के साथ मदनपुर खादर एक्सटेंशन इलाके में रहती थी। शनिवार रात करीब एक बजे पहले सरिता विहार और बाद में कालिंदी कुंज थाना पुलिस को युवती के अपहरण की पीसीआर कॉल मिली। इसके बाद कालिंदी कुंज पुलिस कॉलर द्वारा बताए स्थान पर पहुंची।

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में पेपर लीक की आशंका



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी की भर्तियों में गड़बड़झाले रुकने का नाम नहीं ले रहे। एक के बाद एक, अनगिनत घोटाले उजागर होने के बाद अब असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के पेपर में गड़बड़ी सामने आई है। कई परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को ऐसे पेपर बांटे गए, जिनकी सील पहले से ही टूटी हुई थी। यह गड़बड़ी हिंदी, जूलॉजी, केमिस्ट्री और फिजिक्स जैसी भर्तियों के पेपर उजागर हुई है। इसीलिए अभ्यार्थी पेपर लीक की आशंका जता रहे हैं। इतना ही नहीं अभ्यार्थियों ने पेपर में सिलेबस से बाहर के सवाल आने की भी शिकायत की है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग करी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित अभ्यार्थियों की शिकायतों का संज्ञान लिया जाए, दोषियों पर सख़्त कार्रवाई हो और अभ्यर्थियों की मांग अनुसार परीक्षाएं दोबारा करवाई जाएं। क्योंकि कोई भी भर्ती पूरी होने के लिए जरूरी है कि प्रक्रिया के स्तर कोई धांधली ना हो। लेकिन बीजेपी जानबूझकर हरेक भर्ती में ऐसे लूपहोल छोड़ देती है, जिसके चलते भर्तियां कोर्ट में जाकर अटक जाती हैं। इसीलिए खुद हाईकोर्ट ने बार-बार इस सरकार की लगभग हरेक भर्ती पर बड़ा सवालिया निशान लगाया है। यहां तक कि कोर्ट ने कहा है कि 2019 के बाद हुई सभी भर्तियों के परिणाम अब दोबारा से जारी करने होंगे। क्योंकि सरकार ने गलत नियमों के तहत ये भर्तियां की हैं। इससे पहले भी बीजेपी कार्यकाल के भर्ती घपलों, घोटालों और अनियमितताओं को लेकर हाई कोर्ट बार-बार कड़ी टिप्पणियां कर चुकी है। कई बार सरकार पर जुमार्ना भी थोपा गया है। बावजूद इसके सरकार अपने रवैया से बाज नहीं आई। हुड्डा ने कहा कि भर्तियों को जानबूझकर लटकाना, भड़काना और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना बीजेपी की तय नीति बन चुकी है। यही वजह है कि आज हरियाणा के सरकारी विभागों में 2 लाख से पद ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। नई भर्ती करवाना तो दूर, बीजेपी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट तक नहीं करवा पा रही है। इतना ही नहीं, अभी तक सरकार ने टेस्ट के नियम तक तय नहीं किए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक इस सरकार के मंसूबों को जगजाहिर किया था। बार-बार जनता को बताया कि इस सरकार का मकसद नौकरी देना नहीं बल्कि नौकरी को छीनना है। लेकिन कई भर्तियों के रिजल्ट को चुनाव के टाइम रोककर और कौशल निगम कर्मियों में झूठ फैलाकर भाजपा ने हजारों परिवारों के वोट हासिल कर लिए।

## सरकार की चुप्पी खतरनाक है, संसद को विश्वास में क्यों नहीं लिया जा रहा है: कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की ओर से विशेष सत्र बुलाने की लगातार मांग के बावजूद केंद्र सरकार की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब देश की सीमाओं पर स्थिति तनावपूर्ण हो और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की विदेश नीति पर उंगलियां उठ रही हों, तब सरकार संसद को दरकिनार कर प्रचार अभियानों में व्यस्त है। मीडिया



को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की घोषणा यदि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, तो यह भारत की विदेश नीति की विफलता है और देश की संप्रभुता के लिए गहरी चिंता का विषय। यह पहला अवसर है जब भारत सरकार के शीर्ष नेतृत्व ने संसद को अंधेरे में रखा है और विदेशी धरती पर हमारे अधिकारियों को सफाई देने की नौबत आई है। सांसद ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की परंपरा रही है कि जब भी देश के सामने कोई असाधारण स्थिति आती है, तो प्रधानमंत्री स्वयं संसद में उपस्थित होकर देश को भरोसे में लेते हैं। लेकिन आज सरकार का पूरा ध्यान प्रचार और इवेंट मैनेजमेंट पर है।

## राज्यपाल बंडारू ने दी तेलंगाना स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने तेलंगाना स्थापना दिवस के अवसर पर हैदराबाद में तेलंगाना विधानसभा के सामने गन पार्क स्थित अमरवीरुला स्तूपम पर तेलंगाना के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के लोगों को तेलंगाना स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने तेलंगाना विधानसभा के सामने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। तेलंगाना के गठन के लिए संघर्ष करने वाले वीरों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि इन शहीदों की कुबार्नी ने राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्र को एकजुट करने में राष्ट्रीय नेताओं के योगदान की भी सराहना की। श्री दत्तात्रेय ने अपने संदेश में कहा, तेलंगाना की प्रगति यहाँ के



लोगों की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। मैं उन सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने इस राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने ईश्वर से तेलंगाना के लोगों के लिए सुख, समृद्धि, खुशहाल जीवन और राज्य की दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की की कामना की।

**न्यूज फ्लैश**

### भाजपा सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य करवा रही है: रामसरूप दहिया झांसा



**चंडीगढ़ / नई दिल्ली:** भाजपा अनुसूचित जाति की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं दि झांसा प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. के डायरेक्टर रामसरूप दहिया झांसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास हरियाणा के विकास कार्यो के लिए धन की कोई कमी नहीं है बल्कि प्रदेश में चारों और हो रहे है विकास कार्य। उन्होंने कहा कि 2014 से लेकर अब तक हरियाणा में बनी भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के कार्य किये है जो कि सराहनीय है वहीं भाजपा भूजल संरक्षण विभाग हरियाणा के प्रदेश मीडिया प्रमुख, भारतीय अनुसूचित जाति पिछड़ा एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मनजीत सिंह दहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दलगल राजनीति से ऊपर उठकर देश व प्रदेश का चहुँमुखी विकास कर रहे है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनजीत सिंह दहिया ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे है वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली की चर्चा चारों ओर है जो कि पार्टी व सरकार के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर दीक्षु केयर क्लब फाऊडेशन के प्रधान सोमवीर सहरावत उर्फ सोनू, भाट समाज सेवा समिति हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर लाल साकला भाट, ऑल इण्डिया सैन महासभा के राष्ट्रीय चेयरमैन मनोहर लाल चांदीवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता वकील चंद वर्मा, आचार्य महावीर आर्य, रामनिवास सैनी, बिमला यादव, धर्मपाल उर्फ धर्मा, मुकेश सोढ़ी सिंघीकाट, अजमेर सोहते, संजय घरौठी, राजेन्द्र, सतीश मलिक, कांता देवी, शकुन्तला, राजबाला, उषा, सोनू, रामदिया नाथ, रमेश सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भाजपा नेता रामसरूप दहिया व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनजीत सिंह दहिया के साथ मौजूद रहे।

### हरियाणा के पांच जिलों की 17 मंडियों में सूरजमुखी की खरीद आरम्भ

**चंडीगढ़:** हरियाणा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा 1 जून से हरियाणा की मंडियों में सूरजमुखी की खरीद आरम्भ कर दी गई है। सूरजमुखी की खरीद 30 जून तक जारी रहेगी। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री राजेश नागर ने बताया कि इस वर्ष भारत सरकार द्वारा 8883 एमटी मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत खरीद करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि बताया कि वर्तमान में सूरजमुखी का बाजार भाव 6400-6500 रुपये प्रति क्विंटल है और सरकार द्वारा सूरजमुखी का न्यूनतम मूल्य 7280 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषि एवं कल्याण विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 44,062 मीट्रिक टन सूरजमुखी की पैदावार होने की संभावना है। इस वर्ष किसानों द्वारा 76,785 एकड़ में सूरजमुखी की बिजाई की गई है। इस वर्ष 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पर सूरजमुखी हेतु 18166 किसानों द्वारा पंजीकरण किया गया है। राज्य के पांच जिलों की 17 मंडियों में हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा सूरजमुखी की खरीद की जाएगी।
सूरजमुखी की खरीद के लिए मंडी आवंटन के अंतर्गत अम्बाला जिला में अम्बाला शहर, अम्बाला कैंट, शहजादपुर, साहा, बराड़ा में हैफेड और मुलाना में एच.डब्लू.सी, करनाल में हैफेड, कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलाबाद में एच.डब्लू.सी, थानेसर में हैफेड, थोल में एच.डब्लू.सी, शाहबाद में हैफेड और एच.डब्लू.सी, लाडवा में हैफेड, बबैन में हैफेड, झांसा में एच.डब्लू.सी, पंचकूला के बरवाला में हैफेड और यमुनानगर के साढौरा एच.डब्लू.सी खरीद एजेंसी द्वारा की जाएगी। पिछले वर्ष 2024-25 के दौरान सूरजमुखी की खरीद हैफेड खरीद एजेंसी द्वारा की गई थी।

## हरियाणा के अंबाला और हिसार में मिले कोरोना मरीज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में अंबाला और हिसार में पहली बार कोरोना संक्रमित मरीज मिले है। सोमवार को अंबाला में दो मरीजों में संक्रमण पाया गया है। इसमें एक 74 वर्षीय महिला तो दूसरा 43 वर्षीय व्यक्ति है और दोनों अंबाला सिटी के रहने वाले हैं। व्यक्ति नोएडा में जॉब करता है और अपने परिवार से मिलने के लिए आया था। हालांकि दोनों मरीज स्वस्थ है।हिसार में भी पहली बार कोरोना संक्रमित मरीज मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद दोनों मरीजों को उनके घरों में ही 7 दिन के लिए होम आईसोलेट कर दिया है। साथ ही उन्हें इम्यूनिटी बूस्ट करने वाली दवाएं आदि दी गई है। साथ ही विभाग ने दोनों मरीजों के परिजनों व संपर्क में आने वाले सदस्यों की भी सैंपलिंग शुरू कर दी है ताकि पता चल सके कि कोई ओर तो संक्रमित नहीं है। जिला महामारी नियंत्रक डॉ. सुनील हरि ने बताया कि एक महिला व पुरुष में कोरोना का संक्रमण पाया गया है। दोनों होम आईसोलेट है। इस बार का संक्रमण कोई जानलेवा नहीं है लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है। हरियाणा में अब तक कोरोना मरीजों की संख्या 50हो गई है। इनमें से 21मरीज स्वस्थ हो चुके है।

## मोदी सरकार के 11 साल सुशासन व कल्याण को: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा मोदी सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। 11 सालों में देश ने विकास की नई उंचाईयों को छूआ है। भाजपा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा तैयार कर ली है। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा अभियान चलाकर जन सेवा के कार्यों के साथ-साथ लोगों को मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों से भी अवगत कराएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कांग्रेस को भी



आड़े हाथों लिया और राहुल गांधी की सभी यात्राओं को फेल बताया।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि चार और पांच जून को हरियाणा की पांच-पांच लोकसभाओं में प्रशिक्षण के कार्यक्रम होंगे। ''मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक'' के कार्यक्रमों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को प्रेसवार्ता करेंगे और बदले हुए भारत के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे माह समाज सेवा के कार्यक्रम होंगे जिसके तहत लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।
कांग्रेस को घेरते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान का गला घोटने का काम किया। आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने लोगों के अधिकारों को छीना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के विरोध में अभियान की शुरूआत की जाएगी। डिजिटल, सेमिनार, मीडिया संवाद के जरिए आपातकाल के अनुभवों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा।
एक सवाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन कैसा है सभी को मालूम है। कांग्रेस परिवारवादी पार्टी है, कांग्रेस के लिए देश नहीं, बल्कि परिवार पहले है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय आतंकवाद चरम पर था और कांग्रेस की सरकार मूक दर्शक बनी रहती थी। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत और सशक्त हुआ है। अब भारत आतंकियों को गोली का जवाब गोले से देता है।

## बीजेपी सरकार की अनदेखी से किसान बुरी तरह से बेहाल हैं: अभय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन बनी हुई है। किसान बड़ी मेहनत करके और पैसा खर्च करके खेतों में फसल की बुआई करता है। लेकिन कुदरत के कहर आंधी, बरसात और ओलावृष्टि से सारी फसल बर्बाद हो जाती है। ऐसे में किसानों का सहारा बनने की बजाय बीजेपी सरकार के अधिकारी किसानों की मुआवजा राशि में घोटाले करने में व्यस्त हो जाते हैं। बीजेपी सरकार की अनदेखी से किसान बुरी तरह से बेहाल और परेशान हैं।
बीजेपी सरकार के दस साल के राज में घोटालों की भरमार रही है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार रूपी बीमारी की जड़े बहुत गहरी हो चुकी हैं और यह भ्रष्टाचार बिना सरकार के संरक्षण के संभव ही नहीं है। फतेहाबाद जिला के किसानों की मुआवजा राशि में करोड़ों रूपए का घोटाला सामने आया है। बारिश और आपदा में तबाह हुई फसलों के मुआवजे के लिए किसान दर-दर भटकते रहे और अधिकारी उनकी करोड़ों रूपए की राशि हड़प कर गए। अधिकारियों ने नाम बदलकर, फर्जी खातों में मुआवजा डाल दिया, जबकि असली किसानों को उनके हक का पैसा नहीं मिला। करोड़ों रुपये के इस घोटाले में नायब तहसीलदार, तहसीलदार, पटवारी समेत कई अधिकारी दोषी पाए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ है कि सरकार की नजर किसानों के दर्द पर नहीं, बल्कि भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने पर है।

### चार जुलाई को संचालित होगी सीनियर सैकेंडरी एक दिवसीय परीक्षा

**चंडीगढ़ :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंद्ध सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) एक दिवसीय कम्पार्टमैंट परीक्षा तथा सैकेण्डरी की कम्पार्टमैंट, पूर्ण विषय एवं अंक सुधार परीक्षाओं का आयोजन जुलाई में करवाने का निर्णय लिया है। बोर्ड प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सीनियर सैकेण्डरी की कम्पार्टमैंट की एक दिवसीय परीक्षा का आयोजन 4 जुलाई, 2025 को करवाया जाएगा। इसी प्रकार सैकेण्डरी की कम्पार्टमैंट, पूर्ण विषय एवं अंक सुधार परीक्षाएं 5 जुलाई से 14 जुलाई, 2025 तक संचालित होंगी।

## राहुल गांधी के स्वागत की तैयारी में जुटी कांग्रेस, पर्यवेक्षक नियुक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस राहुल गांधी के दौरे के स्वागत में जुट गई है। इससे पहले संगठन निर्माण को लेकर हरियाणा कांग्रेस में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। 69 ऑब्जर्वर और 8 अतिरिक्त ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। कांग्रेस की ऑब्जर्वर की सूची में 16 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद शामिल हैं। हरियाणा के संगठन के लिए कांग्रेस होई कमान ने सभी जिलों में ऑब्जर्वर भी लगा दिए हैं। अक्कउ की तरफ से लगाए गए एक ऑब्जर्वर के साथ तीन प्रदेश ऑब्जर्वर जिलों में जाएंगे, जो संगठन निर्माण के लिए फीडबैक लेंगे। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने आज ये जानकारी मीडिया के साथ साझा की। हरिप्रसाद ने कहा गुजरात में संगठन सृजन अभियान के तहत प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पार्टी जल्दी ही जिला अध्यक्ष बनाने जा रही है, जिसके लिए अलग तरीका अपनाया जा रहा है। 5 साल तक जिसने भी सेवा की है वो, डिस्ट्रिक प्रेसिडेंट के लिए दावेदारी कर सकते हैं। एआईसीसी और पीसीसी ऑब्जर्वर उससे बात करेंगे। एप्लिकेशन फॉर्म भी पार्टी कार्यालय से ले सकते हैं। इसके इलावा जिला अध्यक्ष को सर्वसम्मति से भी बनाने का प्रयास रहेगा। अगर एक नाम फाइनल नही हुआ है तो 3 से 4 नामों का पैनल जिलों से होगा। सेंट्रल इलेक्शन कमेटी में जिला अध्यक्ष भी बुलाया जाएगा, जिसके बाद टिकट वितरण होगा। 1 महीने में नया जिला अध्यक्ष देखने को मिलेगा और इसके बाद प्रदेश की अन्य नियुक्तियां होंगी। नेता विपक्ष के लिए एक कमेटी बनाई गई थी, जो ऑब्जर्वर आए उन्होंने अपनी रिपोर्ट हाई कमान को दे दी है। अगर जिलों में ऑब्जर्वर की विजिट में कोई अनुशासनहीनता हुई तो पार्टी द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को जियो-फेंसिंग हाजिरी लागू होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जियो-फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रबंधन प्रणाली लागू करने की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा द्वारा विकसित यह नई प्रणाली प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बनाई गई है। कर्मचारियों को 'जियोफेंस्ड अटेंडेंस एचआरवाई' ऐप डाउनलोड करना होगा, जो गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इस नई पहल के तहत, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन का वितरण पूरी तरह से जियो-फेंसिंग सिस्टम के डेटा पर आधारित होगा। यह निर्णय विभाग द्वारा दक्षता में सुधार, कदाचार को रोकने और राज्य में स्वास्थ्य प्रणाली के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। कुमारी आरती सिंह राव ने इस बात पर जोर दिया कि इस कदम से बेहतर सेवा वितरण और जवाबदेही सुनिश्चित होगी, जिसका लाभ अंततः हरियाणा के लोगों को मिलेगा। जियो-फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रबंधन का कार्यान्वयन हमारे स्वास्थ्य प्रणाली में अनुशासन सुनिश्चित करने और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक स्वास्थ्य अधिकारी हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए जवाबदेह और प्रतिबद्ध रहे।

### हरियाणा में 99,309 नि:शुल्क डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए गए: स्वास्थ्य मंत्री

**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा सरकार अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सदैव पूरी तरह संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध रही है। राज्य के 22 जिलों में संचालित हीमोडायलिसिस सेवाओं के तहत 18 अक्तूबर, 2024 से 30 अप्रैल, 2025 तक कुल 99,309 नि:शुल्क डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि डायलिसिस एक महंगी चिकित्सा प्रक्रिया है, जो किडनी रोगियों के लिए जीवन रक्षक साबित होती है, लेकिन अब यह सेवा हरियाणा के सभी नागरिकों को पूरी तरह से नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

## हिमानी हत्याकांड में मां सविता को पुलिस पर नहीं भरोसा, सीबीआई जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के सनसनीखेज कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल हत्याकांड में पुलिस द्वारा अदालत में पेश किए गए आरोपपत्र पर हिमानी की मां ने अविश्वास जताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। पुलिस ने हिमानी के दोस्त सचिन के खिलाफ आरोपत्र दाखिल किया है। पुलिस ने अदालत में दायर 250 पेज की चार्जशीट में केवल झज्जर जिले के गांव खैरपुर निवासी सचिन उर्फ ढिल्लू को आरोपी बनाया है। वहीं, दूसरी तरफ हिमानी की मां सविता ने चार्जशीट से नाखुश होकर पुलिस जांच पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से एक बार फिर मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। हिमानी नरवाल हत्याकांड में पेश की गई चार्जशीट में हिमानी का मोबाइल फोन और आरोपी की लोकेशन अहम सबूत बने हैं। केस की गहन जांच के बाद पेश की गई 250 पेज की चार्जशीट में 47 गवाह बनाए गए हैं। चार्जशीट में बताया गया है कि हिमानी व सचिन के बीच 8 माह से दोस्ती थी। पैसे के लेनदेन के कारण ही हिमानी की सचिन ने हत्या कर दी। इसके बाद वह हिमानी का मोबाइल और जेवरात ले गया था, जो आरोपी के पास से बरामद हुए। यह इस बात का पुख्ता सबूत है कि सचिन ने हिमानी की हत्या की। इसके अलावा आरोपी की हिमानी के मकान से लेकर शव मिलने की जगह तक लोकेशन भी केस में अहम कड़ी बनी है। पुलिस को किसी अन्य की केस में कोई भूमिका नहीं मिली। जांच टीम को सूटकेस व हिमानी के कपड़ों पर खून के धब्बे मिले थे। डीएनए नमूने लेकर टीम ने लैब में भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस सब-चार्जशीट अदालत में दाखिल करेगी। पिछले एक मार्च की सुबह सांपला बस स्टैंड के पास सूटकेस में 22 वर्षीय कांग्रेस कार्यकर्ता विजय नगर निवासी हिमानी नरवाल का शव मिला था।

## पुलिस महानिदेशक के ईआरवी की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के निर्देश

### शराब ठेकों की नीलामी प्रक्रिया और भिवानी, हिसार, रोहतक और यमुनानगर में विशेष सतर्कता बरतने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने देर शाम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें उन्होंने ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल) की कार्य क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि ईआरवी हरियाणा पुलिस का 'चेहरा' है और इसका प्राथमिक दायित्व किसी भी घटना पर समय पर पहुँचकर प्रभावी कार्रवाई करना है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कुल 4000 पुलिसकर्मी ईआरवी पर तैनात हैं। श्री कपूर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ईआरवी का कार्य-ऑडिट करना सुनिश्चित



करे ताकि सिस्टम में मौजूदा कमियों को दूर किया जा सके और संबंधित पुलिस कर्मी की जवाब देही तय की जा सके। डीजीपी श्री कपूर ने कहा कि ईआरवी के कार्यों का तकनीकी ऑडिट आवश्यक है और इसके लिए सी-डेक (उ-ऊअउ) की तकनीकी टीम की सहायता ली जा सकती है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे ईआरवी का समय-समय पर निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि घटनास्थल पर कितनी जल्दी प्रतिक्रिया दी गई, कितने समय में ईआरवी पहुंची, और क्या कार्यवाही की गई।
डीजीपी ने कहा कि कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी तत्काल सीलिंग प्लान बनाएं और उसे संबंधित थानों और इंटर स्टेट चेकपोस्ट्स के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य जितनी जल्दी होगा, अपराधी को पकड़ने की संभावना उतनी ही बढ़ जाएगी। कम्युनिकेशन गैप के कारण अपराधियों के भागने की घटनाएं नहीं होनी चाहिए।
हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में सक्रिय लगभग 4900 दबंगों की सूची तैयार की गई है। श्री कपूर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जाए। जो भी व्यक्ति आम जनता का शोषण कर रहा है, धमकी दे रहा है या अवैध वसूली कर रहा है, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। हिसार रेंज में नशा मुक्ति अभियान के लिए अपनाए गए मॉडल की सराहना करते हुए डीजीपी ने कहा कि इसी प्रकार का मॉडल अन्य जिलों में भी लागू किया जाए। हर जिले में एक समर्पित अधिकारी की नियुक्ति की जाए जो 5-6 सदस्यों की टीम तैयार करे। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों की टीम डोर-टू-डोर सर्वे करें और नशे के शिकार लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार और पुनर्वास के लिए प्रेरित करें।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान, बनेगा वरदान : डॉ. वजीर सिंह

किसान संगोष्ठी

**नई.नई जानकारियां कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए आयाम स्थापित करने में कारगर साबित होंगीं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग करनाल के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रही नई.नई जानकारियां कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए आयाम स्थापित करने में कारगर साबित होंगीं।

इसलिए किसानों को भी अपने कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में नई खोजों और समस्याओं के निवारण के बारे में वैज्ञानिकों और विभागीय विशेषज्ञों से खुलकर बात करनी चाहिए। यही भारत सरकार द्वारा 29 मई से शुरू किए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान का ध्येय भी है।

डा. वजीर सिंह सोमवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के पांचवें दिन करनाल ब्लॉक के गांव दबारकी में विभाग द्वारा आयोजित किसान संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसानों को बताया कि आज देश की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, परंतु कृषि क्षेत्र लगातार घट रहा है। हालांकि किसानों ने अपनी मेहनत और लगन से वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ कृषि उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने का ठोस कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जबकि उत्पादन की मात्रा के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता पर भी खरा उतरा जाए। जहरीले कीटनाशकों को छोडकर जैविक कृषि अपनाना आज के समय की जरूरत बन चुकी है और अब जैविक कृषि में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इसलिए भारत सरकार और हरियाणा सरकार का पूरा ध्यान कृषि क्षेत्र में स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों के उत्पादन के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर तलाश करना भी है। इसलिए किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान में बढ़-चढकर भाग लेने के साथ-साथ इसमें सुझाए गए संकल्पों को भी आत्मसात करना चाहिए।

## धान से भरी ट्राली पलटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मधुबन के पास नेशनल हाईवे पर धान की बोरियों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। किसी वाहन ने ट्रैक्टर के आगे कट मारा था, जिसकी वजह से ट्रैक्टर चालक ने संतुलन खो दिया और ट्रैक्टर-ट्राली बेकाबू हो गई। हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और रास्ता बहाल किया।

बीती देर रात धान की बोरियों से लदी हुई एक ट्रैक्टर-ट्राली करनाल से घरौंडा की तरफ जा रही थी। जैसे ही मधुबन के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली पहुंची तो उसके आगे किसी अज्ञात वाहन ने अचानक से कट मार दिया। ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर का स्टेयरिंग दूसरी तरफ घूमा दिया। लोडिड ट्राली के कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर-ट्राली हाईवे पर पलट गई।

पुलिस के अनुसार धान की बोरियां हाईवे पर बिखर गई थी, जिसके बाद जाम लग गया। घटना की सूचना के बाद मधुबन पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## बैंक मैनेजर भाई संग नहर में डूबा

डूबा

**कॉल कर पिता को कहा-आज के बाद बात नहीं कर पाऊंगा चार परिजन भी बचे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बैंक मैनेजर और उसका छोटा भाई नहर में डूब गए। युवक ने फोन कर अपने पिता को कहा कि मैं आज के बाद आपसे बात नहीं कर पाऊंगा।

इसके बाद पिता ने अपने बड़े बेटे बैंक मैनेजर और परिवार के अन्य सदस्यों को मौके पर भेजा। परिवार के लोगों को देखकर युवक ने छलांग लगा दी। ये देखकर युवक का बड़ा भाई भी उसे बचाने के लिए कूद गया। इन दोनों के पीछे 4 लोग और नहर में उतर गए। मगर किसी को तैरना नहीं आता था। किसी तरह 4 लोग तो बाहर आ गए, लेकिन दोनों भाई डूब गए।

दोनों युवकों की पहचान मंगलपुर गांव निवासी मुकुल और विशाल के रूप में हुई है। परिजन नहर पर ही मौजूद हैं। वे दोनों बेटों के जिंदा लौटने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। पिता रामनिवास ने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी का करीब 10 साल पहले निधन हो चुका है। उसके 3 बेटे हैं, जिनमें विशाल, साहिल और मुकुल है। मैं बीच वाले बेटे साहिल के साथ एसी सर्विस का काम करता हूं। बड़ा बेटा विशाल बैंक में मैनेजर है, जबकि मुकुल 3 साल से ही एसी रिपेयरिंग का काम कर रहा था।

रामनिवास ने बताया कि विशाल और साहिल की शादी एक साथ ही की है। विशाल के पास एक डेढ़ साल का लडका है, जबकि साहिल के पास भी एक बच्चा है। मुकुल की अगले साल शादी करनी थी। पत्नी के देहांत के बाद उसने बेटों की शादी टाइम से कर दी थी, ताकि उनके परिवार को संभालने के लिए महिलाएं भी घर में हों।

पिता रामनिवास ने बताया कि रविवार को मैं गांव लाडवा में एसी सर्विस करने गया था। मुकुल भी घर से सुबह ही काम के लिए निकल गया था। वह पहले मुनक गांव गया था, उसके बाद बाल पबाना गांव में गया। मुकुल ने ही मुझे इसके बारे में बताया था। रात 8 बजे मुकुल ने मुझे फिर से कॉल किया। मैं मुनक में हांसी ब्रांच नहर के पास बैठा हूं। मैं अब किसी से बात नहीं करूंगा और मैं नहर पर बैठा हुआ हूं। आपकी आखिरी बार आवाज सुन रहा हूं।

रामनिवास ने आगे बताया कि मुकुल की बात सुनते ही मैंने तुरंत कॉल काट दी और बड़े बेटे विशाल को फोन कर मामले की जानकारी दी।

उस वक्त विशाल करनाल में था। वह तुरंत ही करनाल से हांसी ब्रांच नहर की ओर दौड़ा। इसके अलावा मैंने इसकी सूचना घर पर भी दे दी थी तो वहां से विशाल का चाचा सोमपाल, चचेरा भाई शुभम और मुकुल के 2 दोस्त भी नहर पर पहुंच गए।

रामनिवास के मुताबिक बड़े भाई विशाल व अन्य लोगों को देखकर मुकुल घबरा गया और नहर में छलांग लगा दी। नहर में गिरते ही वह पानी में डूबने लगा।

## बैंक में सेंध लगाने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा तरावड़ी स्थित पंजाब नेशनल बैंक की दीवार में सेंध लगाकर कंप्यूटर टैब चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। आरोपी से चोरीशुदा कंप्यूटर टैब भी बरामद किया है। इसके अतिरिक्त ट्यूबवैल से तार चोरी करने वाले दो आरोपी भी पुलिस ने पकड़े है। तीनों आरोपियों को सीआईए टू की टीम ने एक ही दिन में गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया।

तरावड़ी स्थित पंजाब नेशनल बैंक में बीती 18 मई की रात दीवार में सेंध लगाई गई थी। चोर बैंक से एक कंप्यूटर टैब लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

पिंगली चौक पर पुलिस ने विश्वसनीय सूचना के आधार



पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिसमें टीम ने बिहार के खगडि ?ा जिले के आलापुर के मनोज को चोरीशुदा टैब के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बैंक की दीवार में सेंध लगाकर चोरी की बात स्वीकार की है।

पकड़े गए अन्य दो आरोपियों की पहचान रंगरूटी खेड़ा के सुमित उर्फ मिता व मद्रासी मोहल्ला निवासी सुरेश उर्फ माकू के रूप में हुई है। दोनों ने 26 मई को गांव कुचपुरा व 29 मई को गांव औंगद से ट्यूबवेल की 61 मीटर तार चोरी करने की बात कबूली है। इनके कब्जे से चोरी की गई तार भी बरामद कर ली गई है।

जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि अलग-अलग मामलों में तीनों आरोपियों को सीआईए टू टीम ने एक ही दिन में गिरफ्तार किया।

तरावड़ी पीएनबी बैंक में चोरी की घटना के खुलासे को लेकर पुलिस को लंबे समय से आरोपियों की तलाश थी। जब कंप्यूटर टैब आरोपी मनोज के कब्जे से मिला, तो मामला और साफ हो गया। वहीं ट्यूबवेल की तार चोरी की वारदात में पकड़े दो आरोपियों से भी पूछताछ जारी है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की इन वारदातों के पीछे और कौन लोग शामिल हो सकते हैं। संभावना है कि इनसे जुड़े और खुलासे जल्द हो सकते हैं।

## सीजेएम इरम हसन ने नशा निषेध केंद्र का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन आज सोमवार को सिविल अस्पताल में स्थापित नशा निषेध केंद्र का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित मरीजों से बातचीत की और उन्हें बताया कि नशे का कोई भी फायदा नहीं होता। इससे न केवल नशा करने वाले को शारिरिक यातना भोगनी पड़ती है, बल्कि उसके परिवार व बच्चो पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होने उपस्थित मरीजों को नशे की लत को छोड ? के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशे की तलब होने पर अपने परिवार, माता पिता व बच्चों को याद करें

## भाविप वीर सावरकर शाखा ने बी आर ग्लोबल स्कूल में मान्यता प्राप्त



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परिषद के अध्यक्ष महासभा शर्मा एवं आलोचक राकेश यादव के सहयोग से परिषद के सदस्यों ने संस्था को प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े उपहारों एवं स्मृति संस्थानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर हुसा के पूर्व अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के सामने सामान की बिक्री होती है, लेकिन समाज तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए साक्षात्कार का सामना करना पड़ता है। गणित से लोगों को आज भी जरूरत है। इस अवसर पर सचिव पीत आहूजा, श्रेणी प्रमुख पिज्जा, महिला संघिका मोनिका गुजराल, द्वय मंडल, सुधाकर शर्मा, मोहन शर्मा, राकेश यादव, सचिन प्रथम, जोगेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कलायत केश्री कपिल मुनि महिला कालेज में मिशन एडमिशन के तहत 130 ने जमा करवाए आवेदन



**रणदीप धानियां,कलायत।**

कलायत के श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया ने तेजी पकड़ ली है। प्राचार्य सुनील गर्ग ने बताया कि कालेज में अब तक 130 आवेदन जमा हो चुके हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग ने आवेदन की अंतिम तारीख 9 जून तय की है। ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी का जिम्मा नवीन कुमार के कंधों पर है। बारहवीं कक्षा का रिजल्ट आते ही उच्चतर शिक्षा विभाग ने दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया था। इसके अनुसार 19 मई से ऑनलाइन आवेदन शुरू किए गए। यह प्रक्रया 9 जून तक चलेगी। प्राचार्य द्वारा तय रूप रेखा अनुसार 15 जून तक आवेदनों की वेरीफिकेशन होगी। उपरांत 19 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसमें नाम आने वाली छात्राओं को 23 जून तक फीस जमा करवानी होगी। 26 जून को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसमें चयनित को 29 जून तक फीस भरनी होगी। शेष बची सीटों पर 1 जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग द्वारा एडमिशन किए जाएंगे। महाविद्यालय बीए 320, बीकॉम की 80 और बीए मैथ ऑनर्स की 30 सीटें हैं।

### होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने मई 2025 में बेचीं 4,65,115 यूनिट्स

**करनाल**

होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने आज मई 2025 के लिए अपनी बिक्री के आंकड़े घोषित किए। कंपनी की कुल बिक्री मई 2025 में 4,65,115 यूनिट्स रही। इसमें 4,17,256 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 47,859 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। यह उल्लेखनीय है कि ल्टरककी ळऊऋ26 (अप्रैल 2025 झ मई 2025) की कुल बिक्री 9,45,979 यूनिट्स रही है, जिसमें 8,40,155 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 1,05,824 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। उत्पादः ल्टरकने अपने बिगविंग पोर्टफोलियो को कई नए प्रीमियम मोटरसाइकिलों के लॉन्च के साथ मजबूत किया। होंडा ने 500 मिलियनवीं मोटरसाइकिल का उत्पादन करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया, जो कंपनी की पहली मास-प्रोड्यूस्ड मोटरसाइकिल के 1949 में लॉन्च होने के 76 साल पूरे होने का प्रतीक है।

## दूसरे के दस्तावेज लगा रजिस्ट्री कर लगाया 50 लाख का चूना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**

पुनहाना में एक युवक द्वारा दूसरे के दस्तावेज लगाकर रजिस्ट्री कराकर एक परिवार के साथ धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। फजीर्वाड़े का शिकार हुए समीम निवासी शादीपुर हालाबाद पेमा रोड पुन्हाना ने बताया की बीते वर्ष चार दिसंबर 2024 को आठ कनाल दो मरला जमीन उन्होंने पिनगवां कस्बे के ढाणा रोड पर खरीदी थीं। जिसको चीकू उर्फ पंकज ने अपने भाई धीरज के दस्तावेज लेकर उसकी जमीन को धीरज बनकर उन्हें 50 लाख रुपये में बेच दिया। रजिस्ट्री कराने के कुछ दिन बाद जब वह तहसील अपने काम से गया था तो वहां एक धीरज नाम का असली युवक मिला, जिसने बताया था फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई गई थी। जिस जमीन की रजिस्ट्री आपके नाम कराई गई है वो जमीन मेरी है। युवक ने इस मामले को



तहसीलदार को बताया। आरोप है कि तहसीलदार ने उन्हें एसडीएम के आफिस में बुलाकर रजिस्ट्री को कैंसिल कराने के लिए बोला और उनके पैसों को वापस दिलाने की बात कही। युवक व उसकी मां को बुला लिया। तहसीलदार ने बीते 27 दिसंबर 2024 को उन पर दबाव देकर उनको झांसे में लेकर उनकी रजिस्ट्री वापस कैंसिल करा दी, और उन्हें पैसे देने की बात बोलकर भेज दिया गया। पैसे भी नहीं दिलवाए। युवक ने इसकी शिकायत पिनगवां थाना में दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 29 मई को शिकायत डीएसपी नूंह को दी।

## 6.650 किलोग्राम अवैध नशीला पदार्थ डोडा पोस्त सहित एक गिरफ्तार

नशा मुक्त

**प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी सफलताएं पा रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(रणबीर खटक)**

प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी लगातार सफलताएं पा रही है। इसी कड़ी में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने जिले के नाथूसरी चौपटा थाना एरिया मे बस स्टैन्ड नाथूसरी चौपटा से अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार मे लिप्त एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। विदित है कि ब्यूरो प्रमुख/महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशा निदेर्शों पर पुरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा एनसीबी सिरसा यूनिट के इंचार्ज



उप निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक श्री जगजीत सिंह के निर्देशन में उप निरिक्षक जयबीर सिंह अपनी टीम के साथ थाना नाथूसरी चौपटा के एरिया मे नाथूसरी चौपटा बस स्टैन्ड के पास मौजूद था। तभी गुप्त सूचना मिली कि एक नशा तस्कर नाथूसरी चौपटा के बस स्टैन्ड के पास अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाला है। अगर पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाए तो आरोपी को अवैध नशीले पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बस स्टैन्ड नाथूसरी चौपटा से मुखबिर द्वारा बताए आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान सुमित पुत्र धर्मपाल के रूप मे हुई। जो थाना नाथूसरी चौपटा के गाँव कुतियाना का रहने वाला है। राजपत्रित अधिकारी को मोके पर बुलाकर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास बैग से 6.650 किलोग्राम अवैध नशीला पदार्थ डोडा पोस्त बरामद हुआ। अतिरिक्त जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया की आरोपी पर थाना नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा मे एन.डी.पी.एस. अधिनियम कि विभिन्न धाराओं में माध्यामिक मात्रा का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के सामने पेश करके रिमान्ड पर लेकर आगामी कार्यवाही की जाएगी और नशे के व्यापार में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आगे आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही नशें संबंधित टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल ठउइटअठअर.ऋड्ढश.क्ठ और हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री न. 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

आमजन के सहयोग और उनकी सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।


नौएडा

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, (उ.प्र.)
वेबसाइटः www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

ए) फ्रेस–टेण्डर कार्यः–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 05/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–2)/ई0नि0/2025–26 | भवनों का अनुरक्षण (सैक्टर–31 में ए–ब्लॉक मार्किट की बाउण्ड्रीवॉल को ऊँचा करने एवं टाईल्स लगाने का कार्य), नौएडा। | 29.49 |
| 2. | 06/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–2)/ई0नि0/2025–26 | भवनों का अनुरक्षण (सैक्टर–31 में ए–ब्लॉक की बाउण्ड्रीवॉल को ऊँचा एवं अन्य अनुरक्षण कार्य), नौएडा। | 28.03 |
| 3. | 08/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–2)/ई0नि0/2025–26 | भवनों का अनुरक्षण (एम0पी0–2 मार्ग पर जी0आई0पी0 मॉल के पास पुलिस चौकी का निर्माण कार्य), नौएडा। | 6.01 |
| 4. | 03/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–9)/ई0नि0/2025–26 | ग्राम विकास कार्य (ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत ग्राम दल्लुपुरा के प्राइमरी स्कूल नलगढा में किचन, टॉय–लेट एवं सेफ्टी टैंक का निर्माण कार्य), नौएडा। | 15.87 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **17.06.2025 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **18.06.2025 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

**"महत्वपूर्ण सूचना–**
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (Flood Plain Zone) में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

**उप महाप्रबन्धक (सिविल)**

**स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा**


## विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत(संजीव कौशिक)**

सोमवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 11 के भीम नगर क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। क्षेत्र की वरिष्ठ नागरिक भभूति देवी ने नारियल तोड़कर विधिवत रूप से विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि भीम नगर , ज्ञान नगर और न्यू महावीर कॉलोनी में काफी समय से पेयजल की किल्लत चल रही थी। क्षेत्रवासियों को समुचित मात्रा



में स्वच्छ पेयजल न मिलने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के समाधान हेतु आज सुंदर सांवरी बूस्टर पुरखास रोड से दयाल चौक तक पेयजल की नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसे आगामी दो से तीन सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद क्षेत्रवासियों को जाजल रेनीवेल से पानी की आपूर्ति की जाएगी। वो समस्त सोनीपत वासियों को आश्वस्त करते हैं कि गर्मियों के मौसम में पूरे सोनीपत में कहीं भी पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि भीम नगर में डी प्लान की राशि से पार्किंग की जमीन पर शेड भी लगवाया जाएगा और क्षेत्र की मरम्मत भी की जाएगी।

इसके अतिरिक्त हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा दी गई 5 करोड़ रुपये की विधायक निधि से भी सोनीपत में विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे जिससे शहर की सूरत बदली हुई सी नजर आएगी। वहीं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस कार्य में निगम द्वारा 30 लाख ? की लागत से पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत भी की जाएगी। इस लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने के बाद भीम नगर , ज्ञान नगर और न्यू महावीर कॉलोनी वासियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने मौके पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ करने के आदेश दिए।

मेयर राजीव जैन ने कहा कि उनका यही प्रयास है कि गर्मी के मौसम में कहीं भी पानी की कमी ना रहे। इसलिए वो हर गली मोहल्ले तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए लगातार आमजन और निगम अधिकारियों के सम्पर्क में है। वो लगातार निगम क्षेत्र के विभिन्न वाटर वर्क्स और बूस्टर का निरीक्षण कर रहे हैं और उन्होंने एजेंसी और निगम अधिकारियों को ट्यूबवेल,पानी की मोटर और पेयजल आपूर्ति से संबंधित अन्य सभी आवश्यक उपकरणों की जाँच करने के आदेश दिए हैं ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से चलती रहे।

## कुरुक्षेत्र का एलएनजेपी अस्पताल अब नजर आएगा नई लुक में: सुधीर राजपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र, (प्रदीप कुमार)**

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र का लोक नायक जयप्रकाश राजकीय अस्पताल अब नई लुक में नजर आएगा। इस अस्पताल को नई लुक देने के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों के लिए सरकार ने 2 करोड़ रुपए का बजट पारित किया है। इस अस्पताल में जल्द ही विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल सोमवार को एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र का निरीक्षण करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## संपादकीय

# आम आदमी की सवारी है साइकिल

**साइकिल** मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम सातवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे।

# आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और दर्द को समझें

ललित गर्ग

> "बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हँसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है।"

**बच्चों** को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? ये प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरूआत 1982 में की थी, जब फिलिस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनिया भर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमजोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है। लेकिन, हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और



दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है। निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनिया भर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नयी बन रही विश्व संरचना के लिये गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं। हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिये जागरुकता का अभाव है। युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पायी गयी। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं। 1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफगानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण। 2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें। बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हँसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है। बच्चे खुश, स्वस्थ और सुरक्षित होने चाहिए। उन्हें जाने-अनजाने में भी कोई पीड़ा नहीं दी जानी चाहिए। बच्चों की खुशी में देश एवं दुनिया का उज्ज्वल भविष्य छुपा है। कुछ बीमार मानसिकता यानी पीडोफिलिया ग्रस्त व्यक्ति मासूम बच्चों को क्रूरतम मानसिक व शारीरिक यातनाएं देने में आनंद की प्राप्ति करता है तथा उसके लिए यह एक ऐसा नशा बन जाता है कि वह बच्चों को यातनाएं देने कि क्रूरतम विधियां इजाद करता जाता है जिसमें बच्चो के साथ सेक्स, शरीर को चोटिल करना-काटना, जलाना, यहाँ तक कि उनके टुकडे-टुकडे कर उनके मांस तक खाना शामिल है। कुछ देशों में बच्चों को ऊंट की पीथ पर बान्धकर ऊटों को दौड़ाया जाता है जिससे बच्चे कि चीत्कार-चीख से वहां के लोग आनन्द एवं मनोरंजन की प्राप्ति करते हैं, यह भी पीडोफिलिया का ही एक उदाहरण है।

## कविता

**नाजुक से एहसास है मेरे।**

नाजुक से एहसास है मेरे,
ऐसे कुछ पल खास है मेरे'

नजरों की खुशबू नम एहसास,
जैसे तू कहीं आसपास हैं मेरे।

पुरनम सासें जब आई मुझ तक,
ओंठों की नमी लाई है पास मेरे।

जान कर भी जान न पाया तुझको,
मेरी अपनी खामोशी खास है पास मेरे।

जुल्फों में छुपकर सूरज शर्मा गया,
तेरी आंखों के जुगनू हैं खास मेरे।

जमाने की बेरुखी ने रुलाया मुझे,
इसे झुठलाने वो आया है पास मेरे।

संजीव

---------

## ऑपरेशन सिंदूर का रौद्र रूप।

**आज** पाकिस्तान के तथाकथित फील्ड मार्शल और पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के पाकिस्तान आर्मी के मास्टरमाइंड जनरल असीम मुनीर ने आतंकवादियों को भेज कर 26 भारतीय पुरुषों की उनकी पत्नियों के सामने धर्म पूछ कर निर्मम हत्या करने के बाद कल्पना भी नहीं की थी कि भारत में सिंदूर का कितना बड़ा महत्व है और भारत इसका बदला भयानक एवं इतने बृहद रूप में लेगा। भारत में सिंदूर का मतलब शक्ति शौर्य और मंगलमय जीवन का प्रतीक होता है। ऑपरेशन सिंदूर के तीव्र आक्रमण से वहां की फौज प्रशासन और आवाम बम के गोलों से थर-थर कांप उठी है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को सिंदूर के महत्व को अच्छे से समझा दिया है और भारतीय महिलाओं के शौर्य,शक्ति के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के जवाबी हमले ने पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 मृत दुर्दांत आतंकवादियों के साथ पूरे पाकिस्तान को यह बात बहुत अच्छे से याद दिला दी है की भारत को छेड़ोगे तो भारत छोड़ेगा नहीं। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत के पाकिस्तान के अंदर घुसकर जो ताबड़तोड़ हमले कर कार्रवाई की है उसके बाद भारत की छवि विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं । भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और २४०० से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 50 से ज्यादा सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है' भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा है' भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया है' विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा है' भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है' इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊजार्वान,दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है । पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है' भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

## विचार

# फंदे का फंदा और समाज की मुस्कुराहट

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**दिलशाद** गार्डन के फ्लैट में भाई-बहन ने फंदा लगाया और समाज ने ठंडी आह भरी– "अरे अफसोस!" फिर टीवी घुमाया और 'इंडियन आइडल' पर लौट आए। दो लाशें लटकी रहीं और समाज मुस्कुराता रहा, जैसे कुछ हुआ ही नहीं। समाज की संवेदनशीलता शेर की दाढ़ी में फंसे जलेबी के रेशे जैसी हो गई है–न हटती है, न काम की है। अब ये कोई नई बात नहीं रही। आत्महत्याएं रोज होती हैं, खबरें बनती हैं, फिर भूला दिया जाता है। हमने दुख को चाय के कप में डुबोकर पी लिया है, और सोचते हैं कि हम बहुत व्यस्त प्राणी हैं, आत्महत्या करने वालों के लिए हमारे पास 'भावनाएं' रखने का भी वक्त नहीं। वीरेश और चिंकी की मौतें खुदकुशी नहीं थीं, वे समाज को आखिरी सलामी थी, एक खामोश नारे की तरह–"तुम्हारे बनाये इस सिस्टम में हम अब और नहीं रह सकते।" क्या किसी ने सोचा कि दो ज़िंदगियां एक ही वक्त में फंदे पर क्यों गईं? नहीं। हम मोबाइल उठाकर कहते हैं, "ओएमजी, सो सैड," फिर इंस्टाग्राम पर पाउट सेल्फी डाल देते हैं। आज का समाज ह्यभावनात्मक कॉर्पोरेटह्न हो गया है। दुख भी मैनेज होता है, और खुशी भी। व्हाट्सएप पर शेर भेज दिए जाते हैं–"ज़िंदगी एक किताब है, मौत आखिरी पन्ना।" पढ़ने वाले भूल जाते हैं कि किताब बीच में क्यों बंद हो गई। परसाई होते तो चुटकी लेकर कहते–"हमारा समाज अब रोता नहीं, इमोजी भेज देता है।" पुलिस मोबाइल जांच रही है–जैसे आत्महत्या का पासवर्ड वहीं छिपा होगा। अरे साहब, अवसाद का असली डेटा हमारे सिस्टम, शिक्षा, बेरोजगारी और टूटी उम्मीदों में पड़ा है, मोबाइल में नहीं। हमने रिश्ते खो दिए, संवाद मिटा दिए, अब जब कोई मरता है तो हमें हैरानी होती है, जैसे हमने कोई पाप देखा हो।

वीरेश और चिंकी शायद महीनों से अवसाद में थे। हमारा समाज अवसाद को बीमारी नहीं, बहाना मानता है। 'डिप्रेशन' बोलते ही कहा जाता है–कुछ नहीं, घूम आओ नैनिताल से, ठीक हो जाओगे! अवसाद पर हम उसी तरह हँसते हैं जैसे बच्चे कुत्ते के डरावने भौंकने पर हँसते हैं–बिना समझे, बिना संवेदना के। जिन बच्चों को संवेदना नहीं सिखाई गई, वो बड़े होकर सिस्टम चलाते हैं। वे कहते हैं–"ऐसे क्यों सोचते हैं लोग? लाइफ बहुत खूबसूरत है।" वही लोग शाम को पब में शराब पीकर बड़बड़ाते हैं–"ज़िंदगी बोरिंग है।" वीरेश और चिंकी की मौत उस भीड़ पर तमाचा थी जो अवसाद को 'कमजोरी' मानती है। "हमारा समाज मानसिक रोगियों को डॉक्टर से पहले पड़ोसी की नजरों से क्यों दिखाता है?" जैसे ही खबर आई, मीडिया ने माइक घुसा दिए– "क्या आपको दोनों के आत्महत्या की आशंका थी?" पड़ोसी ने चाय की चुस्की लेते हुए कहा–"नहीं, दोनों तो ठीक लगते थे।" ये 'ठीक लगना' ही तो सबसे खतरनाक चीज है। समाज के सर्टिफिकेट से बड़ा कोई भ्रम नहीं। हमारा समाज आत्महत्या पर अभिनय करता है, और दुख की नकल करता है। हमें ये जानने की उत्सुकता है कि दोनों ने मरने से पहले क्या खाया, किससे बात की, पर ये जानने की फुर्सत नहीं कि वे किस दर्द में जी रहे थे। हमें चटपटी जानकारी चाहिए, सहानुभूति नहीं। पुलिस मोबाइल फोन भेजेगी, मीडिया हेडलाइन बनाएगा, और जनता अगला 'ट्रेंड' खोजेगी। इस देश में मौतें भी सोशल मीडिया की 'फीड' हैं–कल तक ट्रेंडिंग थीं, आज नीचे खिसक गईं।

एक लोकतंत्र जिसमें लोग फांसी लगाकर मरते हैं, वहां सरकारें वोट मांगने आती हैं, सहारा देने नहीं। परसाई होते तो कहते–"यहां सरकारे श्मशान तक साथ देती हैं, जीवन तक नहीं।" आत्महत्या करने वाला इस सिस्टम का दोषी माना जाता है–"उसने हार मान ली, कमजोर था।" लेकिन ये कोई नहीं पूछता कि उसे लड़े बिना क्यों मरना पड़ा? वीरेश और चिंकी जैसे लोग हमारी असफल नीतियों के आईने हैं, जिन्हें हम तोड़कर आगे बढ़ जाते हैं। हमारे नीति निमार्ता इतने व्यस्त हैं कि उन्हें मरने वालों की आंखों में छिपा प्रश्नचिन्ह दिखता ही नहीं। सिस्टम ने उन्हें फांसी नहीं दी, पर फांसी की ओर धकेला जरूर।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए साइकिल चलाना कभी ना छोड़े

**यह** तो आप सभी को मालूम ही है की साइकिलआमतौर पर आज दिखाई देने वाले वाहनों से भी बहुत पहले का एक सर्व सुलभ और सस्ता वाहन रहा है। यही वजह है कि इसकी उपयोगिता को देखते हुए विश्व साइकिल दिवस हर साल 3 जून को मनाया जाने लगा है। यह दिवस साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देने और लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ही मनाया जाता है। सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2018 में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में घोषित किया था। यह निर्णय साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देने और लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया था। विश्व साइकिल दिवस के उद्देश्य 1.साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देना।विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य साइकिल चलाने के लाभों को बढ़ावा देना है, जैसे कि व्यायाम, पर्यावरण संरक्षण, और आर्थिक लाभ। 2. लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करना। विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करना है, खासकर उन लोगों को जो साइकिल चलाने के लिए नए हैं। 3. साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा देना। विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिससे लोग साइकिल चलाने को एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में देखें। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर हम सामूहिक रूप से साइकिल रैली आयोजित करें और विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली आयोजित करें और लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें।साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें साइकिल चलाने के लाभों के बारे में बताएं।साइकिल संबंधी कार्यक्रम आयोजित करें। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल संबंधी कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे कि साइकिल प्रदर्शनी, साइकिल चलाने की प्रतियोगिता, आदि कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों का रुझान साइकिल जैसे वाहन की और निश्चित ही बढ़ेगा, और साइकिल का उपयोग करने में सब की रुचि जागेगी।

# छोडो शर्माना अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल से करो आना- जाना

**डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

**विश्व** भर में 3 जून को साइकिल दिवस मनाया जाता है। इसका निर्णय संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2018 में लिया गया था। इसको मनाने के पीछे अनेक कारण और उद्देश्य हैं। जहां एक और साइकिल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है वहीं दूसरी और प्रदुषण को नियंत्रित करने में बहुत बढ़ा योगदान सिद्ध हो सकता है। साइकिल के इतने अधिक लाभ हैं कि गिनने में बहुत अधिक समय का प्रयोग होगा। आओ हम इस पर चर्चा करते हैं कि साइकिल का प्रयोग किस प्रकार लाभदायक सिद्द हो सकता है। आज चाहे छोटा बच्चा हो अथवा वृद्ध जो ठीक से ईंधन चलित वाहन में बैठ भी नहीं सकता वो आपको गाडी चलाता हुआ सड़क पर देखने को सामान्य रूप से मिल जाएगा। इतना ही नहीं ऐसे ऐसे बच्चे दुपहिया वाहन को चला रहे होते हैं जिनके पैर धरती पर ठीक से नहीं रखे जा रहे होते। आज से लगभग 30 वर्ष पूर्व सभी घरों में एक अथवा दो साइकिल अवश्य होती थी जिसका प्रयोग वे दैनिक कार्यों के लिए किया करते थे। सबसे बड़ी बात पुराने समय के लोग स्वस्थ रहते थे और उन्हें कोई व्याधि नहीं होती थी क्योंकि वे अपने सभी कार्य स्वयं करते थे और बहुत अधिक परिश्रम किया करते थे। जैसे कि हाथ पैर से अधिक परिश्रम करना, घर, खेत खलियान में कार्य करना। दूर दूर तक साइकिल का प्रयोग करके जाना। मेरे पिता एक सैनिक थे और वे 1962 से 1970 तक भारत-पाक सीमा पर नियुक्त थे, उन दिनों मेरे दादा और ताऊ करनाल से साइकिल चलाकर उन्हें मिलने जाया करते थे। यदि ये कहें कि साइकिल ही लोगों की सरल और सुखद सवारी हुआ करती थी तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं। साइकिल की सवारी करते समय कई बार एक ही साइकिल पर तीन लोग एक साथ बैठ कर यात्रा करते थे। लोग इतने हृष्ट-पुष्ट होते थे कि एक व्यक्ति साइकिल पर दो अन्य व्यक्तियों को बिठाकर ले जा सकता था।

## न्यूज फ्लैश

### एईएसएल गुरुग्राम के 3 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में टॉप स्कोरर बनकर नाम रोशन किया

**गुरुग्राम।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, जो परीक्षा तैयारी सेवाओं में एक राष्ट्रीय अग्रणी संस्थान है, ने गर्व के साथ घोषणा की है कि गुरुग्राम शाखा के 3 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन कर टॉप स्कोरर की सूची में जगह बनाई है। यह परीक्षा देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है और इसके परिणाम आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित किए गए।

यह शानदार उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, उनकी अटूट लगन और एईएसएल के विशेषज्ञ शिक्षकों एवं व्यापक पाठ्यक्रम के माध्यम से मिले अकादमिक समर्थन का प्रमाण है। प्रमुख प्रदर्शन करने वालों में रुजुल गर्ग (एआईआर 41), आयुष अग्रवाल (एआईआर 90) और आदित्य कुमार (एआईआर 105) शामिल हैं। दिल्ली-एनसीआर से 43 आकाशियनों ने टॉप 1000 में स्थान प्राप्त किया।

ये छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम का हिस्सा थे, जिसे विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के लिए तैयार किया गया है। यह परीक्षा वैश्विक स्तर पर सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है और इसमें गहन वैचारिक समझ और मजबूत समस्या-समाधान क्षमता की आवश्यकता होती है। छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. यश पाल, चीफ अकादमिक एंड बिजनेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, ने कहा,ये परिणाम एईएसएल द्वारा छात्रों में डाले गए शैक्षणिक अनुशासन और परिश्रम की संस्कृति का प्रमाण हैं। हमें अपने इन होनहार छात्रों पर बेहद गर्व है और हम उन्हें आईआईटी और उनके आगे के भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं।

अपनी सफलता के सफर पर छात्रों ने कहा, हम आकाश के आभारी हैं, जिन्होंने हमें मजबूत शैक्षणिक आधार और निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। एईएसएल की सामग्री और कक्षा की कोचिंग ने हमें कठिन विषयों को कम समय में समझने में मदद की। यह उपलब्धि उनके समर्थन के बिना संभव नहीं थी।

### अग्निवीर भर्ती में आईटीआई पास को मिलेंगे 20 से 40 अतिरिक्त अंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्निवीर भर्ती में आईटीआई पास युवाओं को अतिरिक्त अंको का फायदा मिलेगा। आईटीआई कोर्स करने पर युवाओं को भर्ती के दौरान योग्यता के अनुसार 20 से 40 अतिरिक्त अंक प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि 6 जून से आईटीआई में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके लिए युवा 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद दाखिले के लिए मेरिट सूची जारी होगी।

उन्होंने बताया कि अग्निवीर भर्ती में आईटीआई कोर्स करने का लाभ केवल मेरिट में आने वाले युवाओं को ही मिलता है। अगर युवा ने कोर्स में मेरिट में स्थान प्राप्त किया है तो उसको चयन में प्राथमिकता मिलेगी। अगर किसी युवा ने कोर्स में मेरिट में स्थान हासिल नहीं किया और आईटीआई पास तो उसको अंको का लाभ नहीं मिलेगा।

### एनसीआर में सभी प्रकार के पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )** जिलाधीश द्वारा मान्दनीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एनसीआर में सभी प्रकार के पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके प्रभावी कार्यान्यवन के लिए जिला में कमेटी गठित की गई है। जिला के साथ-साथ खण्ड स्तर पर यह कमेटी छापे के दौरान पाए गए सभी अवैध पटाखों को तुरंत जपत करेगी और मौके पर ही उनके विरूद्ध निपटान विस्फोटक नियम 2008 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। नियम 128 और सम्बंधित प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी जपती और निपटान की कार्यवाही करेंगे।

इसको लेकर आम नागरिक लगाए गए प्रतिबंध के उल्लंघन के सम्बंध में एचएसपीसीबीआरओपीआरऐटदारेटजीमेलडॉटकॉम, टविट्द्दर/एक्स अकांउट एचएसपीसीबी पानीपत क्षेत्र(एचटीटीपीएसः//एक्सडॉटकॉम/एचएसपीसीबीरिजन) और मोबाईल नम्बर 7015381240 पर भी व्हाट्द्दसएप कर शिकायत की जा सकती है। इसके साथ-साथ उपायुक्त कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी-हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानीपत और एसडीएम कार्यालयों में भी

# निष्ठा व लगन से कार्य कर करें आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान

## अधिकारियों के रूचि लेने से ही नागरिकों की समस्याओं का हो रहा समाधानः पुलिस उप अधीक्षक सतीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की दूरगामी सोच का प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जन खुश है। जिस प्रकार से मुख्यमंत्री जनता के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहे हैं उस से आम जन को लाभ मिल रहा है। निगम संयुक्त आयुक्त डॉ संजय ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि निष्ठद्दा व लगन से किये गये कार्यों में हमेशा सफलता हासिल होती है। अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लेकर और ध्यान देने की जरूरत है । निगम संयुक्त आयुक्त ने



कहा कि गर्मी के मौसम में समाधान शिविर में जो नागरिक अपनी समस्याएं लेकर आ रहे हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करना है उन्हें जवाब नहीं देना है। कार्य में रूचि लेनी है व समस्या का समाधान करना है।

पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों के रूचि लेने पर ही समस्याओं का समाधान होगा। इस पर संबंधित थाना अध्यक्षों को ध्यान देने की जरूरत है। निगम संयुक्त आयुक्त ने मौके पर कई अधिकारियों के सहयोग से पेंशन व कई अन्य मामलों से संबंधित समस्याओं की सुनवाई करके उनका समाधान करने के निर्देश दिये। सोमवार को क्रीड, पुलिस व पेंशन से जुड़ी कुल 42 समस्याएं पहुंची जिनका निगम संयुक्त आयुक्त ने सभी अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

प्रार्थी यशपाल ने उन पर हमला करने वालों के खिलाफ शख्स से सख्त कार्रवाई करने से संबंधित प्रार्थना पत्र समाधान शिविर में दिया। प्रार्थी देशराज वासी उरलाना कला ने समाधान शिविर में प्रशासन के समक्ष बीपीएल राशन कार्ड पर राशन उपलब्ध न करने का आरोप लगाया।

निगम संयुक्त आयुक्त ने जांच के आदेश दिए।

प्रार्थी जगदीप वासी छिछड़ाना ने आईओसी एल को जमीन से संबंधित अभी तक मुआवजा न देने की बात कर समाधान शिविर में मुआवजा दिलवाने की अपील की।

### ग्राम सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में सोमवार को जैव विविधता प्रबंधन समिति (बीएमसी) के पुनर्गठन संबंध में ग्राम सचिवो के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें बापौली खंड के 14 ग्राम सचिव ने भाग लिया। मंगलवार को सनौली खंड में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला समन्वयक कुलदीप शर्मा ने बताया कि जागरूक और शिक्षित बीएमसी बनाने के लिए ग्राम सचिवों को एक ट्रेनिंग की जरूरत है। जिसे उन्हें ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए।

इसमें जैव विविधता अधिनियम, 2002 के अनुसार जिले में जैव विविधता प्रबंधन समितियां गठित कर सकें। इस कमेटी का उद्देश्य पेड़ पौधों व जड़ी बूटियों का संरक्षण करना प्रमुख है।

खंड बापौली के एसईपीओ प्रजान मेहरा ने विश्वास दिलाया की बीएमसी पुनर्गठन के बारे में बताई गई विशेष बातों पर ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राकेश कुमार, रामशरण, प्रमोद शर्मा, रोहित, दीपक आदि मौजूद रहें।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण होगा आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनय कुमार गोयल करेंगे। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनय कुमार गोयल ने बताया कि बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** कृषि विज्ञानं केंद्र अम्बाला के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. उपासना सिंह ने बताया कि केवीके से टीम लीडर डॉ अमित कुमार एवं सहयोगी सुश्री काजल, राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान से डॉ गौतम कौल, डॉ भारती पाण्डेय एवं डॉ योगेश, कृषि विभाग से डॉ सिमरन, डॉ राजेश बागवानी विभाग से शिवम के सहयोग से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत टुंडली, जनेतपुर एवं कथौली में डोर टू डोर कैंपेन चलाकर उन्नत तकनीके, नई किस्में, धान की सीधी बुवाई, फसल विविधिकरण, फार्म मशीनरी,



प्राकृतिक खेती व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।डॉ राजेंद्र कुमार कि टीम कलालमाजरी, शहजादपुर, राजपुरा गांव में पहुंची ओर किसानों को जागरूक किया। साहा ब्लॉक में हलदरी, चुड़िआला, चुड़िआली में विकसित संकल्प अभियान का सञ्चालन डॉ विक्रम धीरेन्द्र सिंह एवं डॉ रमेश कुमार और गावं भरी, भूंनी और भुरंगपुर में डॉ राजन मिश्र ने किया। सभी गाँवो में किसानो के फीडबैक लेकर कार्यक्रम के लाभों के विवरण एकत्रित किया जा रहा है। आज के अभियान में लगभग 1466 किसानो एवं महिलाओं ने भाग लिया। किसानो के बढ़ चढ़ कर भाग लेने से सभी टीम का मनोबल बढ़ रहा है।

डॉ सिंह ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, कृषि विभाग, बागवानी विभाग, कृषि विज्ञानं केंद्र (चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय) अम्बाला शहर, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्राम पंचायतों के प्रभारियों के धन्यवाद किया।

### मेवात में 3 डेंगू केस हुए रिकवर, एक स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी भी लपेटे में

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा के नूंह जिले में डेंगू ने दस्तक दे दी है। अब तक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहित तीन लोगों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। लेकिन राहत की बात यह है कि सभी खतरे से पूरी तरह से बाहर हैं। बरसात के सीजन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू व मलेरिया को लेकर पूरी संजीदगी दिखाना शुरू कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अब तक तनिष्क उम्र 5 वर्ष निवासी नूंह, मोहित उम्र 28 वर्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मचारी नूंह, मोहम्मद उम्र चार माह खेड़ी कंकर जो अभी भी नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। लेकिन उसकी हालत पूरी तरह ठीक बताई जा रही है। सबसे खास बात यह है कि तीनों ही डेंगू के केस मई माह में सामने आए हैं।

इसके अलावा बरसात के सीजन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अप्रैल 2025 तक 39000 लोगों की गांव - गांव जाकर स्लाइड तैयार की हैं, लेकिन अच्छी खबर यह है कि अभी तक मलेरिया का एक भी केस जिले में सामने नहीं आया है।

जिला नोडल अधिकारी डॉ मनप्रीत ने बताया कि 66 नियमित वर्कर मलेरिया के काम में लगे हुए हैं। इसके अलावा कई जगह आशा वर्कर से भी काम लिया जा रहा है।

## आमजन को एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर में जाने से मिली निजातः राजेश कुमार

**नूंह मेवात (लियाकत अली):** सरकार का मकसद लोगों को न्याय दिलवाना है, इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा समाधान शिविर के रूप में यह पहल की गई है इसलिए समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटान अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें।

?? यह निर्देश सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व? एसडीएम अश्वनी कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनने



उपरांत उपस्थित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से आम नागरिकों को अब अपनी शिकायतें रखने के लिए एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर में जाने से निजात मिली है और एक ही छत के नीचे नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निदान किया जा रहा है। नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना उच्चाधिकारियों का दायित्व है। जिला के नागरिकों से अपील की है कि वे इन समाधान शिविरों में उपस्थित होकर अपनी शिकायतों का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका व? तावडू उपमंडल के अधीन आने वाले गांवों के नागरिक अपने क्षेत्र के उपमंडल पर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले समाधान शिविर में अपनी शिकायत रख सकते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सप्ताह के दो दिन यानी सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर नागरिकों की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

एसडीएम अश्वनी कुमार के समक्ष समाधान शिविर के दौरान जल आपूर्ति, पेंशन, भूमि संबंधी विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें सामने आई, जिनको धैर्यपूर्वक सुनने के पश्चात उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निदान करने के निर्देश दिए।

## संदीप कुंडू ग्वालियर में टी-10 राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप में दिखाएगा जलवा

**रणदीप धानियां,कलायत।** कलायत विधानसभा के गांव तितरम का अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेटर संदीप कुंडू ग्वालियर में अपने खेल प्रदर्शन का जलवा दिखाएगा। खिलाड़ी का चयन इस प्रतिस्पर्धा के लिए चंडीगढ़ टीम में हुआ है। खेल कोच जगरूप कुंडू ने बताया कि 5 से 9 जून तक जमने वाले इस खेल दंगल में संदीप कुंडू के अलावा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कैथल जिले के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें सीताराम सैनी, सुशील गिल और प्रदीप चहल शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी व्हीलचेयर पर अत्यंत



शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं और टीम की मजबूती बढ़ाएंगे। संदीप कुंडू अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने व्हीलचेयर क्रिकेट में कई अविश्वसनीय रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। इसमें मात्र 12 गेंदों में 50 रन, 26 गेंदों में 100 रन व टी-20 मुकाबले में 184 रन लेकर खेल जगत में एक नया अध्याय लिखा है। उनकी धुआंधार पारियां व्हीलचेयर क्रिकेट के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हैं। हाल ही में संदीप कुंडू ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर चंडीगढ़ टीम को राष्ट्रीय चैंपियन बनाकर सफलता का बड़ा परचम फहराया है। जिला कैथल और प्रदेश भर में संदीप और उनके साथियों से इस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की पूरी उम्मीद है।

### ग्राम सचिवों की प्रशिक्षण कार्यशाला आज पंचायत भवन में

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम के अंतर्गत जिले के सभी ग्राम सचिवों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 3 जून को सायं 3:30 बजे पंचायत भवन के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र करेंगे। इस कार्यशाला में सभी ग्राम सचिव, सभी उपमंडल अभियंता पंचायती राज और जेई पंचायती राज के साथ-साथ जिला स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्य भाग लेंगे।

## आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान सुनिश्चित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि सभी संबंधित विभाग समाधान शिविर मे प्राप्त हुई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। लोगो की समस्या के समाधान के कार्यो मे किसी भी तरह की देरी न बरती जाएं।

समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य उदेश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। नगराधीश उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उन्होंने शिविर मे पंहुचे लोगो की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित




विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए।

अयोजित समाधान शिविर मे आमजन के माध्यम से कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुई जिनको नगराधीश ने सुनते हुए 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया और शेष 2 शिकायतों को संबंधित विभाग को मार्क करते हुए जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से जल्द समाधान करने के लेकर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। यह समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से दोपहर 12 बजें तक आयोजित किए जाते है जहां विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एक छत के नीचे बैठ कर लोगो की समस्याओं का समाधान करते है। आमजन इन शिविरों के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करवां इनका लाभ उठाएं।

## बीडीपीओ तावडू की कार्यशैली से नाराज सरपंचों ने की डीसी से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूह मेवात(लियाकत अली):**
**खंड** विकास एवं पंचायत अधिकारी तावडू एवं कार्यवाहक बीडीपीओ अरुण कुमार यादव नूंह की कार्यशैली से सरपंच व पंचायत प्रतिनिधि बेहद खफा हैं । बीडीपीओ की कार्यशैली से नाराज दर्जनों सरपंचों एवं दो पंचायत समिति अध्यक्ष नूंह, तावडू ने सोमवार को लघु सचिवालय नूंह में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मुलाकात की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला मेवात सरपंच संगठन के प्रधान रफीक हथौड़ी ने बताया कि बेहद अच्छे माहौल में बातचीत हुई है। डीसी विश्राम कुमार मीणा ने भरोसा दिलाया है



कि ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। रफीक हथौड़ी ने बताया कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अगले दो दिन में कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान जिला प्रधान ने कहा कि अगर दो दिन में बीडीपीओ अरुण कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाली 6 जून को नूंह जिले के दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी ऐसे अधिकारी की शिकायत की जाएगी। इसके अलावा पंचायत समिति अध्यक्ष तावडू ने भी बीडीपीओ तावडू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ अरुण कुमार यादव ने उनकी बेईज्जती की है

और अभी भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीने ही वह झज्जर जिले के माछरौली से तबादला होकर यहां आए हैं। उनका रवैया वहां भी अच्छा नहीं था। उन पर इसके अलावा भी कई गंभीर आरोप हैं।

लिहाजा ऐसे अधिकारी के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक पंचायत प्रतिनिधि चुप नहीं बैठेंगे। सरपंचों ने सोमवार को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मुलाकात के लिए करीब 3 घंटे से अधिक का समय लघु सचिवालय नूंह परिसर में बिताया और मुलाकात करने के बाद ही जब उनको कार्रवाई का आश्वासन मिल गया, तभी जाकर वह अपने घर लौटे। दरअसल यह विवाद शुरू होता है, एक ग्राम सचिव के बीमार होने की बात को लेकर। जेके हॉस्पिटल नूंह से इलाज की बात ग्राम सचिव ने अपने बीडीपीओ अरुण कुमार यादव से कही थी। इसके बाद अरुण कुमार यादव बीडीपीओ ने अस्पताल संचालक व उसके भाई पर जान से मारने की धमकी देने एवं गलत मेडिकल इत्यादि बनाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार से की थी।

इसके बाद सरपंचों व पंचायत समिति अध्यक्ष ने भी बीडीपीओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उनकी हिस्ट्री तक खोज डाली।

## डीसी नूंह खेद व्यक्त करें साथ ही नायब तहसीलदार का तबादला करें, दोपहर 12 बजे तक का अल्टीमेटम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूह मेवात (लियाकत अली )** :सोमवार को लघु सचिवालय में पूरी गहमागहमी रही। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मुलाकात करने आए वकीलों के प्रतिनिधि मंडल एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के बीच

हल्की - फुल्की नोक झोंक भी हो गई। जिसके बाद वकील नारेबाजी करते हुए कोर्ट परिषद में पहुंचे और कई घंटे तक बैठक की। बैठक में तय किया गया कि जब तक उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा इसके लिए वकीलों से खेद नहीं जताएंगे, साथ ही नायब तहसीलदार नरेंद्र भारद्वाज का तबादला नहीं करेंगे। तब तक



मंगलवार दोपहर 12 तक का समय प्रशासन व सरकार को दिया जाता है। दोपहर बाद 2 बजे तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय या जिले के सभी बार एसोसिएशन एक बड़ी बैठक कर कोई भी बड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। आपको बता दें कि पुनहाना बार एसोसिएशन के अधिवक्ता पिछले करीब 13 दिन से नायब तहसीलदार नरेंद्र भारद्वाज के रवैया को लेकर धरना - प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बात को लेकर वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने लिखित में मौखिक रूप से कई बार उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से शिकायत भी की।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 03 जून 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### शाहबाद की अनाज मंडी में सूरजमुखी की सरकारी खरीद एक जून से 30 जून तक



**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**

**शाहबाद:** मार्किट कमेटी अधिकारियों के अनुसार हरियाणा की 17 अनाज मंडियां सूरजमुखी की खरीद के लिए निश्चित की गई। हरियाणा की पहली अनाज मंडी है जहां सबसे पहले सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू हुई। शाहबाद की अनाज मंडी में हैफेड तह वेयर हाउस सरकारी एजेंसियां सूरजमुखी की सरकारी खरीद कर रही हैं। मंडी मार्किट कमेटी के अधिकारियों के साथ भाजपा नेता एवं मंडी आढ़ती भी रहे मौजूद। मंडी आढ़तियों ने कहा सरकार उनकी पूरी आढ़त समय पर दे तथा उनकी मांगों की सुनवाई करे। मार्किट कमेटी अधिकारी अनुसार सरकार ने सरकार ने सूरजमुखी की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ?7,280 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। खरीद केंद्रः हरियाणा में सूरजमुखी की खरीद के लिए 17 खरीद केंद्र खोले गए हैं। इस साल हरियाणा में 44,062 मीट्रिक टन सूरजमुखी की पैदावार होने का अनुमान है। इस मौके पर शाहबाद मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण मलिक, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, ब्लॉक सीमति बलविंदर चहल, मंडी प्रधान सरबजीत सिंह मंडी उपप्रधान धनपत राय,दीपक नंद, मनदीप कुमार रावा, अनिल कुमार, अमरजीत सिंह, रोहित सैनी मौजूद रहे।

### जींद में नशे के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/जींद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध नून लौटा, बकेट चैलेंज, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम, साइकिल यात्रा एवं अनेक अन्य साधनों से जागरूकता कार्यक्रम अभियान चलाया गया है। हरियाणा के सभी जिलों में यह अभियान चल रहा है। इस कड़ी में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 31वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो बार हरियाणा प्रान्त में साईक्लोथॉन यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे।

# स्वच्छता, जल संरक्षण और पॉलिथीन के दुष्परिणामों से किया जागरूक

## पर्यावरण के कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया

**पर्यावरण**

**खंड समन्वयक ब्रह्मद्‌जीत ने ग्रामीणों को बताया कि पांच जून को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।**



**टीम एक्शन इंडिया/ मैनपाल कश्यप इंद्री: जिला** परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार के दिशा-निदेर्शानुसार एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस को ब्लॉक स्तर पर मनाने के लिए गांव गढ़ी साधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और ग्रामीणों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई, जल संरक्षण व पॉलीथिन के प्रयोग से होने वाली हानियों के प्रति भी जागरूक किया व युवाओं को अपने गाँव के विकास में योगदान देने का आह्वान भी किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के खंड समन्वयक ब्रह्मद्‌जीत ने ग्रामीणों को बताया कि पांच जून को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में उन्होंने बताया कि प्रदूषण एक विश्वव्यापी समस्या बन गई है। उद्योगों और मोटर वाहनों का बढ़ता उत्सर्जन और वृक्षों की निर्मम कटाई प्रदूषण के कारण है। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे और इन्सान सब विश्व व्यापी समस्या की चपेट में है। पेट्रोल, डीजल व कोयले के प्रयोग से कार्बन-डाइऑक्साइड, मीथेन नाइट्रस आक्साइड आदि गैसें निकलती हैं, जिसके कारण हमारे वातावरण पर असर पड़ता है। यह पृथ्वी के तापमान में वृद्धि करता है और मौसम में अवांछनीय बदलाव ला देता है। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण और शहरीकरण से जुड़ी एक दूसरी समस्या जल प्रदूषण है। जल प्रदूषण उद्योगों का रासायनिक कचरा और प्रदूषित पानी तथा कूड़ा कचरा नदियों में छोड़ दिया जाता है जिसकी वजह से नदियां अत्यधिक दूषित होने लगी है। इसके अलावा एक अन्य पर्यावरणीय समस्या वनों की कटाई है। पेड़-पौधे कार्बन-डाइऑक्साइड गैस को अवशोषित कर पर्यावरण को संतुलित बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि हमें पर्यावरण को दूषित होने से बचाना है तो अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। पेड़-पौधों से न केवल हमें ऑक्सीजन मिलती है, बल्कि पेड़-पौधे पर्यावरण को दूषित होने से भी बचाते हैं। खंड समन्वयक ब्रह्मद्‌जीत ने बताया कि दैनिक जीवन में पॉलिथीन का प्रयोग जितना सुविधाजनक लगता है, उसका परिणाम उतना ही घातक है क्योंकि प्रयोग किए गए पॉलीथिन को नष्ट करना गंभीर समस्या है। यह जलने में पूरी तरह सक्षम नहीं है व जलने पर पॉलिथीन पूरी तरह नष्ट नहीं होते। इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है। पॉलिथीन उपयोग का कोई लाभ नहीं बल्कि हानि ही हानि है। उन्होंने कहा कि हम सब का कर्तव्य है कि स्वच्छता अभियान में अपना पूरा सहयोग दें और अपने घर व आसपास की स्वयं सफाई करें तथा अन्य लोगों को भी सफाई के प्रति प्रेरित करें। अगर हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ होगा तो हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान बहुत महत्वपूर्ण अभियान है।

## गर्मियों की छुट्टियों में डीएवी स्कूल में समर कैंप आयोजित



**समर कैंप**

**कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक विकास को बढ़ावा देना था।**

**टीम एक्शन इंडिया/मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीएवी स्कूल में दो जून से छह जून तक बच्चों के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक विकास को बढ़ावा देना था। दिन की शुरूआत एरोबिक्स और योगा से हुई, जिससे बच्चों ने फिटनेस और ध्यान केंद्रित करने की विधियां सीखी। आर्ट एंड क्राफ्ट सत्र में बच्चों को सब्जियों के माध्यम से ब्लॉक प्रिंटिंग करना सिखाया गया। उन्होंने कपड़ों पर सुंदर डिजाइन बनाना भी सीखा। म्यूजिक क्लास में बच्चों ने इंग्लिश गाना गाने की कला सीखी और गिटार बजाने के शुरूआती स्टेप्स को समझा। डांस क्लास में उन्हें 'गुड़िया पटोले' पंजाबी गीत पर सुंदर नृत्य सिखाया गया, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मध्य में प्रिंसिपल डॉ. आर. सूरी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और कहा कि वे प्रतिदिन इस कैंप के अनुभव को अपनी डायरी में लिखें।

## स्कूल से सामान चोरी करने के मामले में बेल पाये भगोड़े आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**क्राइम**

**आरोपी पर गांव मालखेड़ी स्थित स्कूल से इन्वर्टर की चार बैटरी व तीन सोलर प्लेट चोरी करने का आरोप है।**

**टीम एक्शन इंडिया/नसीब सैनी**

**कैथल:** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार द्वारा वर्ष 2021 के दौरान स्कूल से चोरी करने के मामले में उद्घघोषित अपराधी गांव सांघन निवासी आरोपी विनोद उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 20 मई 2021 को गांव मालखेड़ी स्थित स्कूल से इन्वर्टर की 4 बैटरी व 3 सोलर प्लेट चोरी करने का आरोप है। आरोपी विनोद को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था, लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था।

## सहनशीलता, सहयोग स्नेह की मूर्ति थी आदरणीय सरोज दीदी : प्रेम दीदी

**ब्रह्माकुमारी**

**परमात्म के जो गुण हैं, वो गुण सरोज दीदी में झलकते थे, उन्होंने अपनी सूरत से भगवान की मूर्त दिखाई।**




**टीम एक्शन इंडिया मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नारी सशक्तिकरण की प्रत्यक्ष उदाहरण स्वरूप राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी जी के प्रथम पुण्यतिथि पर 16, कंच घर, द्वारा अग्रवाल भवन, सैक्टर-9, अंबाला सिटी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। फरीदकोट से पधारे ब्रहमाकुमारीज पंजाब जोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी जी ने अपनी शुभ प्रेरणाएं देते हुए कहा अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से दीदी ने बहुत संघर्ष सहन किया। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण उन्होंने अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया और ईश्वरीय सेवाओं में संपूर्ण समर्पित रूप से संलग्न हुए। उनका व्यक्तित्व सबको प्रेरणा देने वाला था जो कोई भी उनसे पहली बार मिलता उसे उनसे अपनेपन की भावना महसूस होती। सहनशीलता सहयोग स्नेह की मूर्ति थी आदरणीय सरोज दीदी। परमात्म के जो गुण है, वो गुण ही दीदी में झलकते थे, उन्होंने अपनी सूरत से भगवान की मूर्त दिखाई। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। कंच घर सेवाकेंद्र निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने कहा ईश्वरीय शक्तियों द्वारा उन्होंने अपने जीवन में आई मुसीबतों का सामना किया। उन्होंने कहा मैं भी जब सेवा केंद्र पर रहने के लिए आई तो मुझे कुछ नहीं आता था मुझे हर बात सरोज दीदी से ही सीखने को मिली। ईश्वरीय यज्ञ के ईमानदार वफादार, छोटी मूर्ति में परमात्मा की अति लाडली महान मूर्ति ऐसी अति आदरणीय राजयोगिनी तपस्विनी सरोज दीदी जी को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए ब्रह्माकुमारी टीचर भाई बहनों एवं गांवों से ब्राह्मण परिवार व शहर की मशहूर हस्तियां अपनी सादर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पहुंचे।

## यमुनानगर में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर



**समस्या**

**शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया/ धर्म बीर**

**यमुनानगर:** जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को 10 से 12 बजे तक जन समस्याओं के समाधान हेतु समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने जिला स्तर एवं जिले के तीनों मॉडल छछरौली बिलासपुर और रादौर में एसडीएम कार्यालय में 10 से 12 बजे तक समाधान शिवर का आयोजन करने का निर्देश दिया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश ने बताया कि समस्याओं का त्वरित समाधान को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं।

## ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान में तीन जून को साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र:** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान के अंतर्गत तीन जून को शहर में साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। यह आयोजन युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने और सामाजिक चेतना को मजबूत करने का एक सार्थक प्रयास होगा।

कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान साइक्लोथॉन यात्रा को सुबह सात बजे विश्वविद्यालय परिसर से हरी झंडी देकर रवाना करेंगे, जो सर्किट हाउस से होते हुए पुलिस अधीक्षक आवास के सामने पहुंचेगी। यहां से होते हुए कुरुक्षेत्र-पिपली मार्ग पर जाएगी। यहां से नए बस स्टैंड होते हुए पूजा मॉडर्न स्कूल सेक्टर-2 के सामने से जिंदल चौक सेक्टर-3 तथा यहां जिंदल सिटी के सामने उमरी रोड से होते हुए वापस आयुष विश्वविद्यालय में संपन्न होगी।

कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति का भी सबसे बड़ा बाधक है। युवाओं को अपनी ऊर्जा रचनात्मक और स्वास्थ्यवर्धक कार्यों में लगानी चाहिए। यह साइक्लोथॉन यात्रा के माध्यम से नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## भीषण सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल:** महेंद्रगढ़-रेवाड़ी रोड पर कनीना के नजदीक उन्हानी गांव में सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने दो क्रेन की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद पहले कार को बाहर निकाला। खिड़कियों को काटकर शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार चार युवक कार से महेंद्रगढ़ में एक कुआं पूजन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कुआं पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे रात को कनीना के रास्ते गुरुग्राम जा रहे थे।

## उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करें और लंबी उम्र पाएं



**स्वास्थ्य**

**डॉ. सतवीर सिंह ने बताया कि सभी लोग अपने आपको काम में व्यस्त रखें, सबका भला सोचें**

**टीम एक्शन इंडिया/मैनपाल कश्यप**

**इन्द्री:** उप-मंडल नागरिक अस्पताल इन्द्री के एसएमओ डॉ. सतवीर सिंह ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बताया कि आज की भगदौड़ की जिन्दगी में उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन या हाई बी.पी. एक गंभीर रूप धारण कर चुका है। इसके मुख्य लक्षण सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी महसूस होना, हल्के काम, व्यायाम या कम चढ़ाई से भी सांस फूलना या छाती में असहजता या दर्द महसूस होना, ज्यादा गुस्सा आना आदि हैं।

इस बीमारी के मुख्य कारण अनुचित खानपान व अनुचित जीवनशैली है। पुरानी कहावत है- जैसा अन्न, वैसा मन। अब नई कहावत होनी चाहिए-जैसा अन्न व जैसा मन, वैसा ही तन। रक्तचाप को नियंत्रण में न रखा जाए तो हार्ट अटैक या हार्ट की कई अन्य बीमारियों, ब्रेन अटैक या लकवा की बीमारी का कारण बन जाता है। उन्होंने बताया कि हमें अपना खानपान में सुधार, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, सुस्त न रहें। नियमित व्यायाम करें। ज्यादा नमक, वसा या घी, तले हुए खाद्य पदार्थ जैसे कि फास्ट फूड, अनावश्यक तनाव, अपर्याप्त नींद, तम्बाकू वाला गुटका, नसवार, तम्बाकू उत्पाद का धूम्रपान जैसे कि हुक्का, बीड़ी, सिगरेट, सिगार आदि की बुरी आदतें, नशे इत्यादि से अवश्य ही दूर रहें जो कि इस बीमारी के मुख्य कारणों में से हैं।

एसएमओ डॉ. सतवीर सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रतिदिन पांच ग्राम से ज्यादा नमक न लें। इस जमाने में अनावश्यक लड़ाई-झगड़ा और तनाव एक गंभीर समस्या का रूप धारण किए हुए हैं। छोटे-बड़े सभी लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि जरूरत से ज्यादा वित्तीय महत्वाकांक्षाओं के चक्कर में फंसकर लोग अपनी मानसिक परेशानियां बढ़ा लेते हैं। डॉ. सतवीर सिंह ने बताया कि इसका सबसे अच्छा तरीका है कि सभी लोग अपने आपको काम में व्यस्त रखें, सबका भला सोचें, किसी का भी बुरा न सोचें।

## जन-सुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनीं



**जन-सुनवाई**

**संकल्प से सिद्धि तक के थीम पर आधारित आयोजित कार्यक्रमों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ मैनपाल कश्यप**

**इन्द्री:** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में हर सोमवार की भांति इस सोमवार भी जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने हलके के विभिन्न गांवों से आई जनता की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। इस दौरान उन्होंने जनता की अधिकांश समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया और प्रशासन से जुड़ी जिन समस्याओं का मौके पर समाधान नहीं हुआ, उन सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं तथा प्रदेश के हर क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कोई समस्या एवं शिकायत है, तो वह जनसुनवाई कार्यक्रम में उनके समक्ष रखकर उसका समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है और जल्द ही हलके के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करवा दिया जाएगा और इसके अलावा हलके की जो भी समस्याएं होंगी उनका भी शीघ्र समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की धुरी होती हैं, इसलिए प्रदेश सरकार का ध्यान विशेष रूप से सड़कों को दुरुस्त करने की ओर ज्यादा है। इसलिए जल्द ही सड़कों के निर्माण कार्यों को पूरा कर दिया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान हलके के गांव भौजी खालसा निवासी बालकिशन ने पेंशन बनवाने, हरजीत सिंह निवासी श्रवण माजरा ने आर्थिक सहायता दिलवाने बारे, उषा निवासी फूसगढ़ ने दयालु योजना का लाभ दिलवाने, मीना देवी निवासी इस्लामनगर ने पक्का मकान बनवाने तथा इसके अलावा रोजगार दिलवाने, ग्रांट, बिजली-पानी, गलियों-नालियों को ठीक करवाने, बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। रामकुमार कश्यप ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि तक के थीम पर आधारित आयोजित कार्यक्रमों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

## किसान नेताओं ने अमेरिका संग कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने को जताई चिंता



**टीम एक्शन इंडिया/धर्म बीर**

**यमुनानगर:** यमुनानगर के जगाधरी स्थित अनाज मंडी मार्केट कमेटी कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसान नेताओं ने अमेरिका के साथ कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने को लेकर चिंता की गई। किसान यूनियन के मुताबिक भारत सरकार कृषि उत्पादों पर अमेरिका को आयात शुल्क में विशेष छूट देने जा रही है जिससे अमेरिका की कृषि संबंधी वस्तुएं सस्ती होने से भारतीय किसानों को आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाने का अंदेशा है। किसान यूनियन की अंदेशे का आधार सरकार द्वारा भेजा गया शिष्ट मंडल है जो अमेरिका के साथ कृषि संबंधी समझौता को लेकर विशेष बैठके करने गया है। यह शीर्ष मंडल कृषि संबंधी समझौते को लेकर मीटिंग करने गया है अगर यह समझौते होते हैं तो अमेरिका जैसे देशों से अनाज और अन्य प्रकार की वस्तुएं कम दामों पर भारत में लाई जाएगी जिससे भारत के किसान की फसलों की बेकद्री होगी। किसान नेताओं ने कहा कि बड़ा आंदोलन लड़ना पड़ेगा उसकी तैयारी को लेकर जिला स्तर पर बैठकें शुरू हो चुकी हैं।

# प्रदेश में जब जजपा सरकार बनेगी तो पूरे हरियाणा के किसान, मजदूर, व्यापारी में समृद्धि आएगी : सरोहा

## हलका अध्यक्ष सियान्नद त्यागी के नेतृत्व में बाय गांव में लोग पार्टी में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव बाय में सोमवार को जजपा के जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा व हलकाध्यक्ष सियान्नद त्यागी ने लोगों का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा ने संबोधित करते हुए कहा कि जजपा का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। लोग पार्टी में शामिल हो रहे है। जजपा नेता ने कहा कि हलके का प्रत्येक कार्यकर्ता खुद को पार्टी का नेता मानकर पार्टी का जनाधार बढ़ाने व नीतियों का प्रचार व प्रसार करने के लिए गांवों में जाकर



बैठक करे। हलकाध्यक्ष सियान्नद त्यागी ने कहा कि जजपा अब हलके के विभिन्न गांवों में मीटिग करेगी। त्याग बिना प्रदेश में बदलाव लाना संभव नहीं, सब कुछ त्याग करके सभी कार्यकर्ता मेहनत करे, उससे प्रदेश में बदलाव भी आएगा और जन-जन का राज भी। अगले विधानसभा चुनाव में जब जजपा की जीत के बाद प्रदेश में सरकार बनेगी तो पूरे हरियाणा का किसान ,मजदूर, व्यापारी के साथ-साथ हर वर्ग में समृद्धि आएगी। जजपा युवाओं को रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, किसान-व्यापारियों की खुशाहाली, कर्मचारियों-अधिकारियों के अधिकार दिलाने का काम करेगी। जननायक जनता पार्टी अपने कार्यकताओं की मेहनत के बलबूते प्रदेश में बदलाव लाने का काम करेगी। जननायक जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो प्रदेश में बदलाव लाने का मादा रखती है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत की वजह से जजपा जरूर सता में आएगी और आते ही प्रदेश के हर वर्ग की उन्नति, प्रदेश की प्रगति, लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने का काम करेगी। इस मौके पर कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव जगबीर सरोहा,अनिल सरोहा, अक्षित मलिक, रामपाल पूर्व सरपंच, मनोज मलिक,कृष्ण, राजेंद्र, जगमाल, योगेश, रामदिया, मदनलाल, संजय आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बचपन स्कूल में तुलसी यात्रा से प्रारंभ हुआ श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।**
बचपन प्ले स्कूल में भागवत धर्म सेवा परिवार के तत्वावधान में पहली बार सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महा रुद्राभिषेक एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार विशाल तुलसी यात्रा से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी एवं निशा सैनी सपरिवार थे, जो श्रीमद् भागवत ग्रंथ को अपने सिर पर रखकर पैदल ही तुलसी कलश यात्रा में शामिल हुए जबकि कथा प्रबंधक मुकेश मेहता भी श्री लड्डू गोपाल को अपनी गोदी में लेकर तुलसी कलश यात्रा में सपरिवार शामिल हुए। सोमवार को कथा प्रारंभ करने से पूर्व एक



विशाल तुलसी कलश यात्रा निकाली गई, जो बचपन प्ले स्कूल से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों में होती हुई वापस कथा स्थल पर पहुंची। इस तुलसी कलश यात्रा में 751 महिलाएं तुलसी कलश लेकर शामिल हुई, जबकि कुल मिलाकर हजारों भक्त ढोल नगाड़ों एवं डीजे के साथ श्रीकृष्ण भक्ति में झूमते हुए चले। कथा व्यास आचार्य गौरव दीक्षित महाराज ने राधाकृष्ण की झांकी के साथ एक घोड़ा बग्गी में बैठकर सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। धार्मिक प्रवक्ता अमर सिंह सोनी ने बताया कि सवा लाख शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः आठ से प्रातः 11 बजे तक होगा तथा श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से सायं 6 बजे तक होगी।

## न्यूज फ्लैश

### डीआईसीटी के सिक्योरिटी इंचार्ज पर नकाबपोश हमलावरों ने किया जानलेवा हमला, केस दर्ज

**गन्नौर।** दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल (डीआईसीटी) में सिक्योरिटी इंचार्ज पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सिक्योरिटी इंचार्ज गंभीर रूप से घायल हो गया। सिक्योरिटी इंचार्ज ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में प्रवीन वर्मा निवासी नजफगढ़, दिल्ली ने बताया कि वह 1 जून की शाम ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे। जब वे कंपनी से लगभग एक किलोमीटर दूर पहुंचे, तभी दो बाइक पर सवार चार युवक, जिनके मुंह कपड़े से ढंके हुए थे और हाथों में डंडे थे, अचानक सामने आए। बदामशों ने प्रवीन की बाइक रोकी और बिना कुछ कहे बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। हमलावरों ने मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। प्रवीन वर्मा ने बताया कि हमलावरों ने अपनी बाइक की नंबर प्लेट कपड़े से ढक रखी थी जिससे उनकी पहचान न हो सके। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### करण जौहर की त्यानी ज्वेलरी के नए कैंपेन में शेफाली शाह बनीं ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ने अपने नए ब्रांड कैंपेन फोर्सेस ऑफ त्यानी का अनावरण किया है। इस कैंपेन के तहत प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री शेफाली शाह को इस सीरीज की पहली ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पेश किया गया है।
इस कैंपेन में 10 से अधिक अलग-अलग और विशिष्ट व्यक्तित्वों को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में शामिल किया जाएगा। त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ऐसे कलाकारों को एक मंच पर लाने जा रहा है, जिन्होंने सफलता की परिभाषा खुद के तरीके से गढ़ी है। हर हफ्ते एक नया चेहरा पेश किया जाएगा । फोर्सेस ऑफ त्यानी का पहला लुक शेफाली शाह की दमदार और प्रभावशाली उपस्थिति के साथ सामने आया है। उनके व्यक्तित्व की चमक और आत्मविश्वास को प्रभावशाली स्टोरीटेलिंग के माध्यम से दशार्या गया है, जो महिलाओं को अपनी शक्ति निडरता से स्वीकारने और व्यक्त करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने जो क्लासिक त्यानी नेकलेस पहना है,वह सोने में जड़ा हुआ है, कीमती रत्नों से सजा हुआ है, कट और अनकट डायमंड्स से तैयार है,यह एक उत्कृष्ट ज्वेलरी की अभिव्यक्ति है।

### मेसन थेम्स की तारीफ करते हुए गेरार्ड बटलर ने कहा, यह लड़का वाकई में कमाल है

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
यूनिवर्सल पिक्चर्स (जिसके डिस्ट्रीब्यूटर हैं वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी) और ड्रीमवर्क्स एनीमेशन एक शानदार एनीमेशन फिल्म ह्यहाऊ टू ट्रेंड योर ड्रैगनह्व को नए अंदाज में पेश करते हुए बहुत खुशी और रोमांच महसूस कर रहे हैं। अब यह फिल्म लाइव एक्शन में यानी कि असल किरदारों के साथ 13 जून 2025 को सिनेमाघरों में पेश की जाएगी। इस फिल्म को बनाया है तीन बार ऑस्कर पुरुस्कारों के लिए नॉमिनेट होने वाले निर्देशक और गोल्डन ग्लोब पुरुस्कार के विजेता डीन डेब्लॉइस ने। यह शानदार फिल्म बर्क नामक द्वीप की खूबसूरती और उसके जादू को देखने का आमंत्रण देती है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं मेसन थेम्स। वह हिकप की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए गेरार्ड बटलर की शानदार वापसी हो रही है

### डंपर में घुसी कार, 4 दोस्तों की मौत, 5 घंटे फंसे रहे, खिड़कियां काटकर शव निकाले

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** कनीना में देर रात 2 बजे तेज रफ्तार कार डंपर में घुस गई, जिससे कार में सवार चार दोस्तों की मौत हो गई। हादसे के बाद कार बुरी तरह पिचक गई। 5 घंटे बाद कार की खिड़कियों को कटर से काटकर शव बाहर निकाले। सभी को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। मृतकों में गुरुग्राम के गांव सिकोपुर का गौरव व सचिन, फरुखनगर का कंवरपाल और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का अंकित शामिल है। कनीना थाना से जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 4 दोस्त गुरुग्राम से महेंद्रगढ़ जिले के गांव निम्बहेड़ा में कुआं पूजन कार्यक्रम में आए थे। गौरव की बुआ की लड़की के यहां कुआं पूजन कार्यक्रम था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात को करीब दो बजे चारों वर्ना गाड़ी में सवार होकर वापस गुरुग्राम जा रहे थे।

# प्रदीप दहिया नाहरा बने इनेलो राई हल्का के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने अपने संगठन को मजबूत करते हुए राई व सोनीपत हल्के में नए अध्यक्ष की घोषणा की। इनेलो पार्टी ने राई हल्के में प्रदीप दहिया नाहरा को हल्का अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी वहीं सोनीपत हल्के मे बिट्टू मास्टर को अध्यक्ष बनाया। कुणाल गहलावत दहिया के अध्यक्ष बनने पर राई पार्टी कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ो की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भाग लिया। इनेलो पार्टी के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने दहिया की नियुक्ति पर पार्टी नेता अभय सिंह चौटाला,रामपाल माजरा,कर्ण



चौटाला,रनिया से विधायक अर्जुन चौटाला का आभार जताया। गहलावत ने कहा पार्टी की नई टीम सोनीपत जिले की धरती पर इनेलो की विचारधारा, संघर्ष और सेवा की परंपरा को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। यह कार्यकारिणी जनता की समस्याओं को आवाज देने, युवाओं को जोड़ने, किसानों के हितों की रक्षा करने और हरियाणा के स्वाभिमान की लड़ाई में अपना सक्रिय योगदान देगी। द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया ने कहा इनेलो 36 बिरादरी की पार्टी है। नवनियुक्त हल्का अध्यक्ष प्रदीप दहिया ने कहा इनेलो नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उनके ऊपर दी है उसको वह पूरी निष्ठा ईमानदारी से निभाने का काम करेंगे। इस मौके पर पार्टी के अनूप दहिया, प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक, प्रदेश सचिन अशोक कौशिक,करण चहल,रामकिशन मलिक,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किरणपाल चौहान, पूर्व हलका अध्यक्ष राजेश पलड़ी, सूरत सिंह आंतिल, युवा अध्यक्ष राकेश दहिया मौजूद थे। -

# जनता की समस्याओं का निराकरण करने व क्षेत्र के विकास को लेकर समर्पित : कादियान

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गन्नौर हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ में संबंधित विभागों को समस्याओं के बारे में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जल संबंधित समस्याएं, रास्ते, बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य समस्याओं को लोगों ने विधायक के सामने रखा। इस दौरान बेगा के लोगों ने गांव में बैलों की तादाद ज्यादा होने से उन्हें आ रही परेशानी को लेकर लिखित शिकायत दी है। अधिकतर समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ विकास कार्य किए जाएंगे। जो भी समस्याएं लोगों की आ रही है, उन पर तुरंत प्रभाव से काम किया जाएगा। कादियान ने कहा कि वे जनता की समस्याओं का निराकरण करने व क्षेत्र के विकास को लेकर समर्पित है। लोगों की समस्याएं और सर्व समाज की सेवा ही उनकी राजनीति का मकसद है। आगामी दिनों में इस क्षेत्र में धरातल पर विकास दिखाई देगा। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा के अवसर पर 5 को सतकुंभा में लगेगा मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खेड़ी गुर्जर स्थित सिद्ध पीठ सतकुंभा धाम में गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि यह धाम श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है तथा गंगा दशहरा पापों के नाश और आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ दिन है। धर्मसिंधु ग्रंथ के अनुसार, इस दिन गंगा स्नान, दान और जप से विशेष पुण्य मिलता है। उन्होंने बताया कि इस दिन सतकुंभा सरोवर में स्नान करने पर गंगा स्नान का फल मिलता है।
सप्त षियों ने यहां सात कुएं खोद कर यहां सरोवर स्थापित किया जिसमें भारत के 67 तीर्थ स्थानों



का जल लाकर एकत्रित किया गया है। आयोजन प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि मेले में विशेष पूजा, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, छबील व भंडारे की सेवा रहेगी।
फ्री पार्किंग, सुरक्षा व स्वच्छता की व्यवस्था पूरी है। संत सत्यवान स्वरूप व पूर्व सरपंच सेठपाल छौक्कर ने श्रद्धालुओं से भागीदारी की अपील की है।

# जिम्मेदारी पूरी करते हुए जजपा पार्टी से लोगों को जोड़ने का काम करेंगे : दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव चौहान जोशी में जजपा के जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा ने कार्यकताओं की बैठक ली। जिसमें जजजपा के राई हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान का पार्टी कार्यकताओं ने स्वागत किया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने को लेकर कार्यकताओं से अपील की। हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। वे पार्टी की मजबूती के लिए मेहनत लग्न से काम कर नीतियों का प्रचार करते हुए लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जजपा छत्तीस बिरादरी की पार्टी



है। जजपा की जब प्रदेश में सरकार बनेगी तो युवाओं को रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।
इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी बिजेन्द्र आंतिल,पूर्व हल्का अध्यक्ष अजीत सिंह, जुगती राम, रमेश गुप्ता, राजपाल सेवली, जगबीर सरोहा, मुकेश जठेड़ी,सुनील बडौली युवा हल्का अध्यक्ष,सन्दीप दहिया, जगबीर चौहान, मनोज मलिक आदि मोजूद थे।

# 254 ग्राम गांजा सहित दो दबोचे

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
थाना गन्नौर पुलिस ने दो युवकों को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोनु उर्फ मन्नु निवासी गांव डाहर, पानीपत हाल निवासी गांव बड़ी और अनिकेत गांव शिवदासपुर, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार हाल निवासी गांव बड़ी के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थाना गन्नौर के जांच अधिकारी उप निरीक्षक अजमेर ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर खुबडू के पास नाका लगा कर बाइक पर सवार हो कर आं रहे मोनू उर्फ मन्नू व अनिकेत को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 254 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

# सेवा, साहस और सम्मान हर युवा के जीवन का हिस्सा होने चाहिएः अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** स्पोर्ट्स स्कूल राई में 26 मई से 4 जून तक आयोजित एनसीसी एयर विंग कैंप के अंतर्गत गमोटिवेशनल टॉकग पर एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई के कुलपति अशोक कुमार ने उपस्थित कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा सबसे बड़ा धर्म है। हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन सदैव राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए करना चाहिए। राष्ट्र हमारे हृदय में सर्वोपरि होना चाहिए। दस दिवसीय कैंप में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे



हैं। कार्यशाला में कुलपति कुमार ने युवाओं को सकारात्मक सोच, निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और जोखिम लेने की प्रेरणा दी। कुमार ने कहा कि सेवा, साहस और सम्मान ये तीन मूल्य हर युवा के जीवन का अभिन्न हिस्सा होने चाहिए।
गअगर आप सम्मानपूर्ण जीवन

**कार्यशाला**
**एनसीसी एयर विंग कैंप के अंतर्गत गमोटिवेशनल टॉकग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया**

जीना चाहते हैं, तो सबसे पहले स्वयं में अनुशासन और खुश रहने की भावना विकसित करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान कई कैडेट्स ने प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर देकर कुलपति ने उनकी प्रशंसा की और भविष्य में भी कैडेट्स से मिलने व संवाद करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की सलाह दी और बताया कि आज के समय में खेल क्षेत्र में असंख्य करियर अवसर मौजूद हैं। इस अवसर पर एनसीसी एयर विंग कैंप के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर सेनिन बशीर, एडम ऑफिसर फ्लाइट लेफ्टिनेंट हेंसी डबास, दयाल सिंह कॉलेज से एसोसिएट एनसीसी अधिकारी पवन शर्मा, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज करनाल से सुरेश दुग्गल, एमएनएसएस राई से फर्स्ट ऑफिसर नीलम अहलावत, डॉ. प्रमोद (वाइस प्रिंसिपल) सहित विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के एनसीसी अधिकारी (एएनओ) भी उपस्थित रहे।

# पूसा इंस्टीट्यूट की टीम ने किसानों को दी नई कृषि तकनीकों की जानकारी

**गन्नौर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पूसा इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली की वैज्ञानिकों की टीम ने पांची जाटान, गुमड़ और चटिया ओलिया गांवों में किसानों से संवाद किया और उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विभाग गन्नौर के सहयोग से आयोजित हुआ। पूसा इंस्टीट्यूट की वैज्ञानिक डा. आरती भाटिया ने जैव उर्वरकों के उपयोग और लाभों पर जानकारी दी, जबकि डा. अर्पिता श्रीवास्तव ने प्राकृतिक खेती के पर्यावरणीय फायदे बताए। डा. अनु शर्मा ने कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया। डा. अर्चना ने जैविक खेती के दीर्घकालिक लाभों की जानकारी दी, वहीं डा.



तिरुपति ने सिंचाई जल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों पर चर्चा की। डा. अर्जुन सिंह ने धान की सीधी बिजाई और जल प्रबंधन के तरीके बताए। कार्यक्रम में उपमंडल कृषि अधिकारी सोनीपत डा. संदीप वर्मा, डा. राहुल सैनी और डा. विनय कांत ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्राकृतिक खेती से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# हकेंवि में एनईपी पर केंद्रित 23वें संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर केंद्रित 23वें संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम से किया गया। आठ दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों की व्यावसायिक क्षमताओं का विकास करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने उच्च



शिक्षा के बदलते परिदृश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा एनईपी 2020 के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कुलपति ने कहा कि कौशल विकास, बहुविषयक शिक्षा व नवाचार पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए, इससे विकसित भारत के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी। हकेंवि में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार एवं उपनिदेशक प्रो. तनु गुप्ता ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं अपेक्षित परिणामों की जानकारी प्रतिभागियों से साझा की।
कार्यक्रम के प्रथम सत्र में एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक प्रो. हुरिकेश सेनापति ने समग्र एवं बहुविषयक शिक्षा पर केंद्रित वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 केवल पाठ्यवस्तु आधारित शिक्षा से आगे बढ़कर संवेदनशील, रचनात्मक एवं आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने अकादमिक विषयों की दीवारें तोड़कर कला, विज्ञान, मानवीकी एवं व्यावसायिक विषयों को एकीकृत पाठ्यक्रम में जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।
द्वितीय सत्र में एनसीईआरटी की वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं पूर्व डीन (शैक्षणिक) प्रो. सरोज यादव ने समग्र शिक्षा की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा केवल विषयों के मिश्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक, नैतिक और भावनात्मक विकास की ओर केंद्रित है। उन्होंने कौशल आधारित शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षण एवं अनुभवात्मक शिक्षण की महत्ता को रेखांकित किया तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में इसे प्रभावी रूप से लागू करने की व्यावहारिक रणनीतियाँ प्रतिभागियों से साझा कीं। कार्यक्रम के संयोजक तथा कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग में सहायक आचार्य डॉ. नितिन गोयल एवं अनंत राजी बारा ने बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर के 21 विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों से 83 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

# भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के सौजन्य से भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन पीएम श्री कन्या विद्यालय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पीएम श्री कन्या विद्यालय प्राचार्य जयपाल सिंह ने शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रवक्ता यशपाल शर्मा ने की। मुख्यातिथि ने इस संबंध में बेसिक अभिव्यक्ति के माध्यम से बच्चों को कैसे सिखाए जाए कि विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की



अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रवक्ता यशपाल शर्मा ने दो जून से आठ जून तक के भारतीय भाषा उत्सव की जानकारी छात्रों को दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना चाहता हैं। कैंप के प्रथम दिन बच्चों में संस्कार पैदा करना, आर्ट, संगीत, नृत्य पेंटिंग के तहत सभी प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें छात्र व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
इस अवसर पर प्रवक्ता प्रेमवती, सुनीता, अनीता यादव, रेखा, नीलम आदि उपस्थित रही।

# करोड़ों की लागत से बने नाले की लीकेज से नत्थूपुरा हुआ पानी-पानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र वैसे तो दिल्ली की सबसे पुरानी विधानसभाओं मे से एक विधानसभा क्षेत्र है और मुलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर हमेशा ही चर्चा में बना रहता है, और यहां विकास तो कोसो दूर है और कहीं गलती से कोई सरकारी कार्य हो भी जाए तो उसमें भ्रष्टाचारी की दीमक इस कदर ८७ जाती है कि वह कार्य एक साल से ज्यादा टिकता ही नहीं है।

....... आइए इसका एक जीता जागता उदाहरण आपको दिखाते है। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित बुराड़ी वार्ड नंबर-6 में पीडब्ल्यूडी द्वारा नाले का निर्माण किया गया था।

जिससे कि बरसात का पानी सड़कों पर न बहे और क्षेत्र में गंदगी न फैले, लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया गया







यह नाला एक साल भी नहीं शैं' और धीरे-धीरे टूटना शुरू भी हो गया है और अब नाले का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है।

बुराड़ी में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता **नरेंद्र सोनी** ने कहा कि पूर्व की केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए इस नाले में इतनी भ्रष्टाचारी की गई है कि नाले को बने अभी एक साल भी पूरा नहीं हो पाया है और अभी से ही टूटना शुरू हो गया है और अब इस नाले का गंदा पानी सड़को पर बहने लगा है।

उन्होंने कहा कि जहां एक ओर तो नाले के इस बहते गंदे पानी की वजह से लोगों का निकलना भी दूभर हो चुका है तो वहीं दूसरी ओर इस गंदे पानी की वजह से यहां आस-पास रहने वाले लोगों में संक्रमंण भी फैलने का खतरा बना हुआ है।

तो वहीं मुकुंदपुर वार्ड से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी **श्याम सिसोदिया** ने कहा कि दिल्ली से कांग्रेस से जाने के बाद से ही बुराड़ी में किसी भी सरकार व विधायक ने ध्यान ही नहीं दिया है।

विकास को लेकर वर्तमान व पूर्व की केजरीवाल सरकार ने तरसा कर रख दिया है और स्थानीय निगम पार्षद भी साफ-सफाई का कतई भी ध्यान नहीं देते है और सोशल मीडिया की ही राजनीति हो रही है।

उन्होंने कहा कि विधायक संजीव झा तो चुनाव के बाद हमेशा ही गायब हो जाते है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की 100 दिन की सरकार के कार्य सराहनीयः पंचायत संघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उनकी सरकार के पहले 100 दिन पूरे होने पर बधाई दी है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि इस दौरान दिल्लीवासियों की सुविधाओं के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए गए, जो सराहनीय हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री आगामी 100 दिनों में दिल्ली देहात गांवों की दशकों पुरानी उपेक्षा को दूर करने की दिशा में ठोस कार्य योजना के साथ आगे बढ़ेंगी। पंचायत संघ



प्रमुख थान सिंह यादव ने मुख्यमंत्री से मांग की कि सरकार दिल्ली देहात के गांवों में अधिक से अधिक आरोग्य मंदिर और सीएम श्री स्कूल खोले, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांव आज भी मूलभूत सेवाओं की कमी से जूझ रहे हैं।

गांवों में न तो पर्याप्त स्वास्थ्य केंद्र हैं और न ही उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल। अगर सरकार इन क्षेत्रों में ध्यान दे तो ग्रामीण दिल्ली को भी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

पंचायत संघ ने यह भी मांग रखी कि दिल्ली के सभी गांवों को लाल डोरा और विस्तारित लाल डोरा की सीमा से मुक्त कर ग्रामीणों को मालिकाना हक दिया जाए। साथ ही गांवों पर थोपे गए हाउस टैक्स व अन्य टैक्सों की समीक्षा की जाए और उन्हें हटाने या कम करने पर विचार किया जाए। थान सिंह ने कहा कि दिल्ली पंचायत संघ कई वर्षों से दिल्ली देहात की बुनियादी समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करता रहा है। अब समय आ गया है कि दिल्ली सरकार, नगर निगम और केंद्र सरकार मिलकर एक समन्वित योजना के तहत दिल्ली देहात, गांव ग्रामीणों की सुविधाओं व मांगो को तेजी के साथ पूरा करें।

# ईपीएस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने रेखा सरकार से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ईपीएस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के नेशनल वर्किंग प्रेसीडेंट ने दिल्ली की भाजपा सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार के कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार व परिवहन मंत्री ने डीटीसी के रिटायर्ड कर्मचारियों को विश्वास दिलाते हुए बहुत से वादे किए थे, और साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में डीटीसी बोर्ड द्वारा रिजॉल्यूशन 35/22 पास किया गया था, जिसमें नॉन-ऑप्टेड और रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन स्कीम के अंतर्गत लाने का प्रस्ताव



था। हालांकि, तीन-चार साल बीत जाने के बाद भी इस प्रस्ताव को लागू नहीं किया गया है, जिससे लगभग 10,000 रिटायर्ड कर्मचारियों का देहांत हो चुका है, जो पेंशन की आस में थे। ईपीएस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के नेशनल वर्किंग प्रेसिडेंट विजय बड़गुजर ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में भाजपा सरकार ने डीटीसी नॉन ओपटेड रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन के संबंध में कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह को कई मांग पत्र और मिलने का समय मांगा गया था, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

**एसोसिएशन ने रेखा सरकार व परिवहन मंत्री के समक्ष रखी मांगे:**

रिजॉल्यूशन 35/22 में आवश्यक संशोधन किया जाए। पेंशन अधिनियम 1972 के अनुसार पेंशन डेट ऑफ रिटायरमेंट से लागू की जाए। डेट ऑफ रिटायरमेंट से पेंशन लागू करने तक का एरियर दिया जाए। नियोक्ता पीएफ और ग्रेजुएटी डिफरेंस की राशि बगैर ब्याज के वसूल की जाए। पेंशन एरियर में से नियोक्ता पीएफ और ग्रेजुएटी का डिफरेंस राशि को घटाकर वसूल किया जाए या नियोक्ता पीएफ और ग्रेजुएटी का डिफरेंस राशि को प्रत्येक महीने की देय पेंशन राशि में से कटौती कर किस्तों में वसूल की जाए।

# रिठाला में ऑपरेशन सिन्दूर के तहत शौर्य अभिनंदन यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के रिठाला मेट्रो स्टेशन से मधुवन चौक तक रविवार को भारतीय सेना के ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पहलगाम आतंकवादी घटना के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों और उनके समर्थक पाकिस्तानी सेना को करारा जवाब देने के बाद, समाज की सज्जन और मातृ शक्ति ने वीर सैनिकों के शौर्य को सम्मानित करने के लिए शौर्य अभिनंदन यात्रा का आयोजन किया।

जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ऑपरेशन सिन्दूर भारतीय सेना की उस वीरता का प्रतीक है, जिसने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर देश









की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। इस अभियान में सैनिकों द्वारा दिखाए गए साहस और बलिदान को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस यात्रा में समाज की मातृ शक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन न केवल सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम बना, बल्कि भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान की गहरी परंपरा को भी उजागर किया। रिठाला मेट्रो स्टेशन से मधुवन चौक तक निकली इस यात्रा में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। समाज के विभिन्न वर्गों से आई महिलाओं और पुरुषों ने भारतीय सेना के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया।

यह आयोजन न केवल सैनिकों के बलिदान को सम्मानित करने का अवसर था, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक एकता का एक शक्तिशाली प्रदर्शन भी रहा। यात्रा को संबोधित करते हुए कर्मयोगी संस्था की संस्थापिका और दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलतराम कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कल्पना आर्या ने कहा, भारतीय संस्कृति की आत्मा में नारी का सम्मान बस्ता है। रामायण और महाभारत जैसे ऐतिहासिक युद्ध नारी सम्मान के लिए लड़े गए थे। आज, ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से हमारी सेना ने उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है। भारत पुनः अपने प्राचीन गौरव की ओर अग्रसर है। आध्यात्मिक और सनातन धर्म प्रचारक साध्वी समाहिता दीदी ने यात्रा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हर कदम पर त्याग लिखा है, हर सांस में बलिदान। धरती माँ की गोद सँवारे, ये हैं भारत की शान। यह शौर्य अभिनंदन यात्रा हर दिल में जोश जगाए और सत्य का दीप जलाए। उनके शब्दों ने उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति और सनातन मूल्यों के प्रति उत्साह का संचार किया।यात्रा में भाग लेने वाली भारती वार्ष्णेय ने सिन्दूर के प्रतीकात्मक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, जैसे त्रेता युग में हनुमान जी ने अपने पूरे शरीर पर सिन्दूर चढ़ाया था, वैसे ही ऑपरेशन सिन्दूर के नाम से हमारी सेना ने शौर्य और समर्पण का अद्वितीय प्रदर्शन किया है।

उन्होंने इस अभियान को नारी शक्ति और सैन्य शौर्य के मेल का प्रतीक बताया। शौर्य अभिनंदन यात्रा के दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



सिविल लाईन जोन का गुलाब सिंह राठौर को चेयरमैन और सुमन शर्मा को डिप्टी चेयरमैन बनने पर बधाई देते हुए आजादपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी व अन्य गणमान्य लोग।

# 'चेयरमैन व डिप्टी चेयरमैन के साथ स्थाई समिति में भाजपा का परचम'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आज दिल्ली नगर निगम के वार्ड समितियों के साथ ही स्थाई समिति के चुनाव के नतीजों ने यह स्थापित कर दिया है कि आम आदमी पार्टी एक बिखरती हुई पार्टी है जिसका जन समर्थन तो खत्म हुआ ही है अब उसके जन प्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी भी पार्टी से छिटक रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आज दक्षिण दिल्ली क्षेत्र सहित 8 क्षेत्रों में चेयरमैन का चुनाव जीतने के साथ ही स्थाई समिति के सदस्य का अतिरिक्त चुनाव जीतना और रोहिणी क्षेत्र में डिप्टी चेयरमैन का



चुनाव जीतना साफ दशार्ता है की आम आदमी पार्टी के नगर निगम पार्षदों में पार्टी नेतृत्व के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है। सचदेवा ने कहा है की भारतीय जनता पार्टी अब कल दिल्ली नगर निगम में स्थाई समिति के 11वें सदस्य का भी चुनाव जीतेगी।

# निगम में चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन चुनाव में भाजपा ने मारी बाजीः शिवचरण योगी

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम के चेयरमैंन, डिप्टी चेयरमैन के चुनाव के नतीजे आज घोषित हुए है। जिसमें की 8 निगम क्षेत्रों में चेयरमैन, 9 क्षेत्रों में डिप्टी चेयरमैन एवं स्थाई समिति की अतिरिक्त सीट भाजपा का जीतना साफ दशार्ता है की दिल्ली से जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बाहर हुई है तभी से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पार्टी से छिटक से गए है और धीरे-धीरे दरकिनार करने लगे है। मॉडल टाउन विधानसभा में रहने वाले व मॉडल टाउन से उपाध्यक्ष डॉक्टर शिव चरण योगी ने कहा कि भाजपा की यह जीत दशार्ती है



कि आगामी 2027 के निगम के चुनाव में दिल्ली नगर निगम से भी आम आदमी पार्टी का सफाया होने वाला है। उन्होंने कहा कि जब तक निगम में भाजपा काबिज थी तक क्षेत्रों में साफ-सफाई भी सुचारू रूप से की जाती थी, और समय-समय पर कर्मचारियो की सुविधा हेतू आधुनिक उपकरणों की भी कमी नहीं रही, लेकिन निगम में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तभी से दिल्ली के खजाने की तरह ही निगम का कोष भी खाली करके बैठ गई, जिसका सीधा असर दिल्ली की जनता पर पड़ा है। योगी ने कहा कि भाजपा की इस छोटी सी जीत ने आदमी पार्टी को उनकी औकात दिखाकर रख दी है कि दिल्ली के लोगों को उनकी पार्टी और उनके भ्रष्टाचारी नेताओं की अब जरूरत नहीं है, जैसे दिल्ली की सत्ता उनसे छीनकर भाजपा के हाथों में सौंपी है ठीक उसी तरह निगम के आगामी चुनाव में निगम से उनको बाहर निकालकर फेकेगें।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट का किया शक्ति केंद्र प्रमुख ने स्वागत







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड से नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट का संत नगर मंडल वेस्ट कमल विहार में शक्ति केंद्र प्रमुख राम पुकार ठाकुर द्वारा स्वागत समारोह कार्यक्रम रखा गया, जिसमें भाजपा के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस मौके पर संगीता ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उनका साथ देने को कहा। इस मौके पर संत नगर वार्ड से पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने संगीता बिष्ट को बुके देते हुए उनका सम्मान किया और आर्शिवाद भी दिया। इस बीच संगीता बिष्ट ने कहा कि पार्टी ने मेरी मेहनत को देखते हुए जो यह पद सौंपा है मैं इसकी गरिमा बरकरार रखूंगी और सदैव ही मेरे साथ खड़े कार्यकर्ताओं का हमेशा ही ध्यान रखूंगी और अपने कार्यकर्ताओं के हर सुख-दुख में उनका साथ दूंगी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल के पूर्व अध्यक्ष सहित क्षेत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।





# कप्तान श्रेयस की दमदार बल्लेबाजी, फाइनल में पहुंचे पंजाब बनाम बेंगलुरु

**अहमदाबाद:** कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद अर्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स ने क्वालिफायर-2 मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 203 रन बनाए थे, जवाब में पंजाब ने श्रेयस की दमदार अर्धशतकीय पारी की मदद से 19 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन बनाकर जीत दर्ज की।

**तीन जून को मिलेगा नया चैंपियन**

पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया। टीम ने एलिमिनेटर में गुजरात को हराया था, लेकिन हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम क्वालिफायर-2 की बाधा पार नहीं कर सकी। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा।

**श्रेयस अय्यर ने दिलाई टीम को जीत**

लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने 72 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद श्रेयस और नेहाल वढेरा ने



साझेदारी निभाई और चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। श्रेयस ने इस दौरान 27 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस और वढेरा के बीच साझेदारी को अश्विनी कुमार ने वढेरा को आउट कर तोड़ा जो 48 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, श्रेयस क्रीज पर टिके रहे और उन्होंने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। श्रेयस 41 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स के लिए प्रियांश आर्या ने 20, जोश इंग्लिस ने 38 और प्रभसिमरन सिंह ने छह रन बनाए। शशांक सिंह दो रन बनाकर आउट हुए, जबकि स्टोइनिस दो रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की ओर से अश्विनी कुमार को दो विकेट मिले, जबकि ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पांड्या को एक-एक विकेट मिला।

**सूर्यकुमार और तिलक ने मचाया धमाल**

मुंबई के लिए जॉनी बेयरस्टो (38), तिलक वर्मा (44) और सूर्यकुमार (44) ने बड़े स्कोर की नींव रखी। नमन धीर ने भी 18 गेंद में 33 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। रोहित शर्मा (आठ) पिछले मैच की तरह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। तीसरे ओवर में काइल जैमिसन की गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजइ ने उनका कठिन कैच टपकाया। अगले ओवर में हालांकि रोहित अपना पसंदीदा पूल शॉट खेलने के प्रयास में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में विशाख विजयकुमार को कैच दे बैठे। शुरूआती झटके से अविचलित मुंबई ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा। तिलक ने दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर से बेयरस्टो भी काफी आक्रामक खेल रहे थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में एक विकेट पर 65 रन बनाए। बेयरस्टो ने छठे ओवर में उमरजइ को कई बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाकर 15 रन निकाले। लेकिन वह अगले ओवर में विजयकुमार की गेंद पर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच दे बैठे। पंजाब ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को गेंद सौंपी लेकिन चहल अपने आखिरी ओवर में ही विकेट ले पाए।



## जो रूट के शतक से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में हराकर सीरीज जीती



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत मेजबान टीम ने रविवार को कार्डिफ में खेले गए दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इसी के साथ रूट ने न सिर्फ अपना 18वां वनडे शतक लगाया, बल्कि वनडे क्रिकेट में 7,000 रन भी पूरे कर लिए। जो रूट ने 139 गेंदों पर 166 रन बनाए और टीम को संकट से निकालते हुए जीत दिलाई। इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही थी और टीम सिर्फ 2 रन पर अपने दोनों ओपनर-जेमी स्मिथ और बेन डकेट-को खो बैठी थी। कप्तान हैरी ब्रूक (47) और फिर रूट ने पारी को संभाला। रूट ने विल जैक्स (49) के साथ 143 रन की साझेदारी की और फिर निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम को 7 गेंद बाकी रहते जीत दिला दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत खराब रही। 18 साल के ओपनर ज्वेल एंड्रयू खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद ब्रैंडन किंग (59) और कीसी कार्टी (103) ने 141 रन की तेज साझेदारी कर पारी को संभाला। कार्टी ने चौथा वनडे शतक लगाया, हालांकि उन्हें शुरूआत में दो जीवनदान भी मिले। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद ने 63 रन देकर 4 विकेट झटके और वेस्टइंडीज की लय तोड़ी। इसी के साथ रशीद इंग्लैंड के सबसे सफल स्पिनर बन गए। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 47.4 ओवर में 308 रन पर ऑलआउट हो गई। 309 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम ने सिर्फ 2 रन पर दोनों ओपनर खो दिए। कप्तान ब्रूक और रूट ने पारी को संभालने की कोशिश की। ब्रूक 47 रन बनाकर आउट हुए,

## ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, टी20 में जारी रखेंगे करियर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे टी20 फॉर्मेट में उपलब्ध रहेंगे और 2026 में होने वाले अगले टी20 वर्ल्ड कप तक खेलते रहने की उम्मीद है। 36 वर्षीय मैक्सवेल ने यह ऐलान ह्यद फाइनल वर्ड पॉडकास्टह्ल में एक लंबे इंटरव्यू के दौरान किया। उन्होंने बताया कि 2022 में पैर टूटने के बाद वनडे क्रिकेट उनके शरीर पर भारी पड़ रहा था। इसी साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी उन्हें काफी थकान महसूस हुई। मैक्सवेल ने कहा, "मुझे लगने लगा था कि मैं टीम को थोड़ा पीछे खींच रहा हूं। मैंने चयनकर्ता जॉर्ज



बेली से बात की और कहा कि मैं 2027 वर्ल्ड कप तक नहीं खेल पाऊंगा। अब समय है कि मेरी जगह किसी और को तैयार किया जाए।" उन्होंने आगे कहा, "मैं कभी भी ऐसे नहीं खेलना चाहता था कि बस रिकॉर्ड या निजी संतोष के लिए टीम में बना रहूं। जब मुझे लगे कि मैं टीम के भविष्य का हिस्सा नहीं हूं, तब विदा लेना ही बेहतर है।" मैक्सवेल ने 149 वनडे मैचों में 33.81 की औसत से 3990 रन बनाए और 77 विकेट लिए। हालांकि उनकी सबसे बड़ी खासियत थी उनका विस्फोटक अंदाज झ्र 126.70 का स्ट्राइक रेट, जो एंड्रे रसेल के बाद इतिहास का दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। 2000 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में यह सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है। 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 201* रन की पारी ने उन्हें अमर बना दिया। यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से पहला दोहरा शतक था, बल्कि किसी भी बल्लेबाज द्वारा रन चेज में बनाया गया पहला दोहरा शतक भी था।

## अनुराग ने पांच स्पधाओं में बनाए चार रिकॉर्ड

**वाराणसी।** ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बरेका निवासी अनुराग आर सिंह ने अपना दम दिखाया। फ्री स्टाइल की 200 और 800 मीटर तैराकी में अपने पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नया रिकॉर्ड बनाया जबकि 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में रिकॉर्ड से चूक गए। अनुराग ने दो दिन में पांच स्पधाओं में खेलकर चार रिकॉर्ड बनाए हैं। साथ ही पांच स्वर्ण पदक भी जीते हैं। अनुराग ने 200 मीटर तैराकी 2 मिनट 01 सेकंड में वहीं 800 मीटर तैराकी 8 मिनट 51 सेकंड में पूरी की। 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 5 मिनट में पूरा कर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले प्रतियोगिता के पहले दिन 1500 मीटर और 400 मीटर स्पर्धा में नया रिकॉर्ड बनाया था।

## माउसली व होल्डन ने जड़े शतक, इंग्लैंड लायंस ने बनाए 527 रन

### इंडिया ए के स्कोर से अब केवल 30 रन पीछे इंग्लैंड लायंस की टीम

**नई दिल्ली।** कैंटरबरी टेस्ट का तीसरा दिन इंग्लैंड लायंस के बल्लेबाजों के नाम रहा, जब डैन माउसली (113) और मैक्स होल्डन (101) ने शतक लगाते हुए इंडिया ए की पहली पारी की बढ़त को तेजी से कम किया। इससे पहले टॉम हेन्स पहले ही 175 रन की शानदार पारी खेल चुके थे। हालांकि दिन का अंत करुण नायर की गेंद पर माउसली के एलबीडब्ल्यू आउट होने के साथ हुआ। इंग्लैंड लायंस ने रविवार को तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 527/7 रन बना लिए हैं और अब वे इंडिया ए से सिर्फ 30 रन पीछे हैं।

**होल्डन और हेन्स की दमदार शुरूआत:** सुबह के सत्र में टॉम हेन्स और मैक्स होल्डन ने कुछ



ओवरों तक विकेट की परख की लेकिन फिर होल्डन ने लगातार दो चौकों के साथ रनगति तेज कर दी। होल्डन पहले घंटे में अधिक आक्रामक रहे और हार्षित राणा की गेंदबाजी पर खासतौर से हावी दिखे। उन्होंने महज 99 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। वहीं हेन्स ने भी शार्दुल ठाकुर की गेंदों को ऑफ साइड में दो बार बाउंड्री तक पहुंचाया।

**मुकेश कुमार की वापसी से इंडिया ए को राहत:** मैक्स होल्डन को मुकेश कुमार ने विकेट के पीछे कैच आउट करवाकर 281 रनों की साझेदारी तोड़ी। इसके बाद उन्होंने जेम्स रिउ को भी एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन भेजा। रहान अहमद को ऊपर भेजने का फैसला भी कारगर नहीं रहा क्योंकि मुकेश ने उन्हें भी जल्दी निपटा दिया और शानदार स्पेल में तीन विकेट झटके। इसके बाद डैन माउसली ने आक्रमण का संकेत हर्ष दुबे की गेंद पर छक्का जड़कर दिया। हेन्स और माउसली ने मिलकर स्कोर को 400 के पार पहुंचाया। हेन्स ने क्लासिकल बल्लेबाजी करते हुए 150 रन पूरे किए, लेकिन फिर शार्दुल ठाकुर ने उन्हें सरफराज के हाथों कैच करवा दिया।

छह विकेट गिरने के बाद जमान अख्तर ने माउसली का अच्छा साथ निभाया। अख्तर ने शुरूआत में रक्षात्मक बल्लेबाजी की और बाद में दुबे की गेंद पर छक्का जड़ा। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरे।

## पहला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूनार्मेंट 5 से

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पहली बार अंतर जिला महिला अंडर-19 वनडे क्रिकेट टूनार्मेंट का 5 जून से आयोजन करने जा रहा है। खास बात यह है कि इसका आयोजन प्रदेश से बाहर चंडीगढ़ में होगा। इसके लिए एचपीसीए की ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रतियोगिता में पूल-ए की टीमों के लीग मुकाबले 5 से 15 जून के बीच खेले जाएंगे। पूल-बी के मुकाबले 15 से 26 जून के बीच होंगे। यह मैच चंडीगढ़ के सीआईओसी और महाजन ग्राउंड में होंगे।

## दीपक और नमन ने दिलाया स्व[], भारत ने जीते आठ मेडल

**बैंकॉक।** थाईलैंड ओपन बॉक्सिंग टूनार्मेंट 2025 में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक अपने नाम किए। दीपक और नमन तंवर ने स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया, जबकि महिला वर्ग में भी भारतीय बॉक्सर दमदार प्रदर्शन के साथ पदक तालिका में योगदान देती नजर आईं।

**दीपक और नमन तंवर ने दिलाया स्वर्ण:** पुरुषों की 75 किलोग्राम भारवर्ग में दीपक ने उज्बेकिस्तान के अब्दुरखिमोव जावोखिर को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मुकाबले की शुरूआत में दीपक ने



संयम से खेला, लेकिन पहले राउंड के मध्य से ही उन्होंने नियंत्रण बनाना शुरू कर दिया और अंत तक पूरी तरह हावी रहे। वहीं, 90 किलोग्राम के फाइनल में नमन तंवर ने चीन के हान शुएजेन को 4-1 से मात दी। नमन ने आक्रामक शुरूआत करते हुए पहले दो राउंड में बढ़त बना ली। हालांकि तीसरे राउंड में चीनी बॉक्सर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन नमन ने अपने अनुभव से मुकाबले को अपने पक्ष में रखा।

**किरण को सिल्वर, पांच महिला बॉक्सर को ब्रॉन्ज:** महिलाओं की 80+ किलोग्राम कैटेगरी में किरण को कजाखस्तान की येलदाना तालिपोवा के खिलाफ 2-3 से करीबी हार झेलनी पड़ी और उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा भारत की पांच महिला मुक्केबाज–तमन्ना (51 किग्रा), प्रिया (57 किग्रा), संजू (60 किग्रा), सनेह (70 किग्रा) और ललफकमावी राल्ते (80 किग्रा)–ने कांस्य पदक हासिल किए।

90+ किलोग्राम कैटेगरी में सेमीफाइनल जीतने के बावजूद भारतीय बॉक्सर अंशुल गिल को पदक से वंचित कर दिया गया।

## आईपीएल के इतिहास में पहली बार 200+ रन बनाकर भी हारी मुंबई

**अहमदाबाद :** आईपीएल 2025 में रविवार को क्वालिफायर-दो मैच खेला गया। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस मैच में कई रिकॉर्ड बने। सबसे चौंकाने वाला रिकॉर्ड यह रहा कि मुंबई की टीम आईपीएल इतिहास में पहली बार 200 से ज्यादा रन बनाने के बाद हारी है। मुंबई की टीम ने ये अनचाहा रिकॉर्ड उस मुकाबले में बनाया जहां उन्हें जीत की सबसे ज्यादा जरूरत थी। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दबाव वाले मैच में शानदार बल्लेबाजी की और पंजाब को 200+ रन चेज करने में मदद की। वहीं, यह सत्र श्रेयस के लिए अब तक का सबसे बेहतरीन सत्र साबित हुआ है। वह लीग में पहली बार 600 रन के आंकड़े को पार कर पाए। अब तीन जून को आरसीबी और पंजाब के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इससे यह तय हो गया कि आईपीएल को इस साल कोई नया चैंपियन मिलेगा। आरसीबी और पंजाब दोनों ने ही पिछले 17 सीजन में कभी खिताब नहीं जीता है। रविवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 20 ओवर में





छह विकेट गंवाकर 203 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 19 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 207 रन बनाकर मैच जीत लिया। यह आईपीएल के 18 सत्र के इतिहास में पहली बार है जब मुंबई की टीम पहली पारी में 200 से ज्यादा रन बनाकर मैच हारी हो। इससे पहले मुंबई ने 18 के 18 मैचों में 200+ को डिफेंड कर जीत हासिल की थी। 19वें मैच में वह भी क्वालिफायर-दो में टीम हार गई। अब 19 मैचों में 200+ रन को डिफेंड करते हुए मुंबई का रिकॉर्ड 18 जीत और एक हार का है। वहीं, पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कमाल की बल्लेबाजी की।

## गुकेश से हार कर कार्लसन ने मेज पर हाथ मारकर खोया आपा

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत से जहां गुकेश बेहद खुश नजर आए, वहीं कार्लसन आपा खो बैठे। अपने देश में गुकेश से हार को वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। कार्लसन ने हार के बाद जोर से हाथ को उस मेज पर पटका, जहां चेस बोर्ड रखा हुआ था। उनके हाथ पटकने से पूरा चेस बोर्ड हिल गया। इसके




बाद कार्लसन अपनी कुर्सी से उठकर अपनी भड़ास निकाली और फिर गुकेश से माफी मांगते हुए चेस बोर्ड के पास आए। फिर उन्होंने मुहरों को सजाने की कोशिश की, लेकिन झल्लाहट में उसे भी पटक दिया। वहीं, दूसरी तरफ गुकेश ने जीत हासिल करने के बाद चुपचाप जश्न मनाया। उन्हें यकीन नहीं हुआ कि उनकी मेहनत काम कर गई। फिर कार्लसन तेजी से चलते हुए हॉल से निकल गए। उन्होंने गुकेश की पीठ भी थपथपाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहां बैठे सभी लोगों ने गुकेश के लिए ताली बजाई। गुकेश ने कार्लसन को चौंकाते हुए क्लासिकल शतरंज में कार्लसन पर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने लगातार दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने सावधानी पूर्वक खेल खेला।

**शतरंज**

**जीत से जहां गुकेश बेहद खुश नजर आए, वहीं कार्लसन ने खोया अपना आपा**

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## विकसित कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं : शिवराज

**मेरठ में केंद्रीय कृषि मंत्री, प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री समेत कई जनप्रतिनिधियों और रविवार तक 2700 से अधिक स्थानों पर 3.25 लाख से अधिक किसानों ने किया प्रतिभाग, लखनऊ, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर आदि में भी हुआ आयोजन**

**कृषि संकल्प**

**16 हजार कृषि वैज्ञानिकों को किसानों की समस्या पर नवीन शोध हेतु अवसर बनाने का निर्देश दिया।**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत रविवार को मेरठ में रहे। उन्होंने दबथुआ विकासखंड सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में प्रतिभाग किया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि बिना विकसित कृषि के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से 16 हजार कृषि वैज्ञानिकों को प्रत्यक्ष रूप से अपनी शोध एवं अनुभव किसानों के बीच लाने तथा किसानों की समस्या/अनुभव के आधार पर नवीन शोध हेतु अवसर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने संदेश दिया कि यदि मंत्री, सांसद, वैज्ञानिक, कृषि विभाग पूरे देश में एक टीम के साथ काम करें तो देश का उत्पादन भी बढेगा और किसानों की आय भी बढ़ेगी। साथ ही हम विश्व को भोजन देने में सक्षम भी हो सकेंगे। उन्होंने कृषि वैज्ञानिक सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय, मोदीपुरम मेरठ, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मेरठ को निर्देशित किया कि कृषक वैज्ञानिक संवाद के द्वारा कृषकों का ज्ञानवर्धन किया जाये। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मेरठ के सांसद अरुण गोविल, बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, विधायक गुलाम मोहम्मद, महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. मांगीलाल जाट आदि मौजूद रहे। जिला सहकारी संघ शाहजहांपुर के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर के द्वारा ग्राम नियामतपुर में किसानों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित होकर कृषकों को संवाद स्थापित किया गया। शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ कृषकों को प्रोत्साहित किया।

### रविवार तक 3.25 लाख से अधिक किसान शामिल

*प्रदेश के 75 जनपदों में अब तक लगभग 2700 स्थानों पर विभिन्न गणमान्य जनप्रतिनिधि/कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों के साथ आज चौथे दिन तक लगभग 3,25,000 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के कुशल संचालन हेतु प्रदेश के 38 अधिकारियों आदि को आठ जून को नामित किया गया।*

### वाराणसी व लखनऊ में भी किया गया संवाद

*वाराणसी में ग्राम–बरीयासनापुर विकास खण्ड चिरईगांव में अपर कृषि निदेशक, भूमि संरक्षण कृषि विभाग डॉ. रमेश मौर्या के साथ ही वैज्ञानिक तथा कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों द्वारा कृषक वैज्ञानिक संवाद में पी0एम0 किसान, फार्मर रजिस्ट्री के साथ कृषि की नवीन तकनीकी पर चर्चा की गई। लखनऊ के ग्रामसभा करनपुर विकासखण्ड मोहनलाल गंज में संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो एके सिंह के द्वारा खेती की नई तकनीकों, धान की सीधी बोआई एवं फसल बीमा साथ ही केन्द्रीय उपोष्ण वागवानी संस्थान, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, लखनऊ के वैज्ञानिक, उप कृषि निदेशक, लखनऊ आदि भी उपस्थित होकर कृषि से संबंधित विषयों पर कृषकों से चर्चा की गई।*

## विकसित उत्तराखंड को अंतिम छोर के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ें : मुख्यमंत्री

**राजनीति**

**मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को जनहित से जुड़े 5-5 बैस्ट प्रैक्टिस और नवाचारों पर कार्य करने के निर्देश दिए।**



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकसित उत्तराखंड के लिए ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक विस्तृत कार्य योजना बनाने के लिए जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाज के अंतिम छोर के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल बैठक के दौरान सभी जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जाएं। विकसित उत्तराखंड के लिए ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक 2047 तक कैसा स्वरूप होगा, इस दिशा में जिलाधिकारियों की ओर से कार्य किए जाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को अपने–अपने जनपदों में जनहित से जुड़े 5-5 बैस्ट प्रैक्टिस और नवाचारों पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जनपदों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। सरकारी कार्यालय में 1064 हेल्पलाइन से संबंधित बोर्ड एवं बैनर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किये जाए और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। 15 जून को होने वाले कैंची धाम स्थापना दिवस के अवसर पर ट्रैफिक प्रबंधन के लिए यातायात व्यवस्था के साथ ही आवश्यकतानुसार अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की जाए। वैरिफिकेशन ड्राइव को और अधिक प्रभावी एवं तेज गति से संचालित किया जाए। अवैध रूप से बनाये गये आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और अन्य दस्तावेजों के विरुद्ध सख्त अभियान निरंतर जारी रखा जाए। एक जनपद दो उत्पाद पर विशेष ध्यान दें: मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए। एक जनपद दो उत्पाद पर विशेष ध्यान दिया जाए।*

## राजस्थान पुलिस ने किया सुरक्षा चक्र अभियान का अभियान तेज



**सुरक्षा**

**छात्र–छात्राओं को नि:शुल्क सेल्फ डिफेंस आत्मरक्षा जूडो कराटे, मार्शल आर्ट जैसी मजबूत विद्याओं की जानकारी दी**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर।** राजस्थान पुलिस की ओर से सुरक्षा चक्र अभियान का आगाज किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं को निःशुल्क (सेल्फ डिफेंस) आत्मरक्षा जूडो कराटे, मार्शल आर्ट जैसी मजबूत विद्याओं की जानकारी दी गई। तीसरी बटालियन राजस्थान सशस्त्र दल (आरएसी) बीकानेर की कमांडेंट सीमा हिंगोनिया ने बताया कि राजस्थान पुलिस का "सुरक्षा चक्र" अभियान का आगाज किया गया और सुरक्षा चक्र पोस्टर विमोचन पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों कक्षा के छात्र–छात्राओं को निःशुल्क सेल्फ डिफेंस आत्मरक्षा जुडो कराटे, मार्शल आर्ट जैसी मजबूत विधाओं की जानकारी देना है और साथ ही वर्तमान तकनीकी युग में युवा वर्ग में जागरूकता के अभाव में किशोरों में बढ़ रहे अपराधों की जानकारी देना है।

## मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ और ब्रिज के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**निरीक्षण**

**अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर–महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा**



**टीम एक्शन इंडिया/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर रुककर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और यहां पर आकर मिलेगा। मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड में मीठापुर रेलवे क्रासिंग के पास दोनों तरफ सर्विस रोड होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के बचे हुए कार्य को तेजी से पूर्ण करें। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी, बाईपास में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। पटना तथा पटना के बाहर जाने वाले लोगों को भी काफी सहूलियत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री पुनपुन घाट पर भी गए और वहां किए गए सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया। वहां उपस्थित लोगों से मुख्यमंत्री ने उनका हालचाल जाना। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य तथा पुनपुन घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य कराए जाने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस क्षेत्र का आपने कायाकल्प कर दिया है। क्षेत्र के विकास के लिए आपने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनपुन घाट तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

## 24.28 करोड़ रुपये से सोनपुर मेला का आधुनिकीकरण



**योजना**

**उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि सोनपुर मेला विकास की योजना को स्वीकृति दी गई है।**

**टीम एक्शन इंडिया/पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि सोनपुर मेला स्थल, सारण में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास और आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। सोमवार को उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 की उप-योजना (सीबीडीडी) के तहत सोनपुर मेला विकास की योजना को स्वीकृति दी गई है। इससे स्थानीय रोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सोनपुर मेले को देशभर में ही नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन के लिए डिजिटल और पर्यावरण-संवेदनशील स्थल के रूप में विकसित कर रही है। चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत प्रवेश द्वार, हाट निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, घाट तक संपर्क, पार्किंग और शटल सेवा का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नये स्वरूप में प्लास्टिक मुक्त मेला क्षेत्र, अपशिष्ट प्रबंधन, सौर ऊर्जा और पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसी हरित पहल पर भी काम किया जाएगा। वहीं डिजिटल पहल के तहत मेला मोबाइल ऐप, कैशलेस भुगतान, वर्चुअल दर्शन और स्मार्ट पार्किंग जैसी सेवाओं का निर्माण होगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में सारण जिले का सोनपुर मेला स्थल एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि मेला स्थल के समग्र विकास से आने वाले पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं मिलेंगी, व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे और सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। सोनपुर में गंगा-गंडक नदी के संगम पर हर वर्ष शरद ॠतु में मेला होता है।

## आकाश आनन्द को दोबारा मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से कुछ लोगों में बेचैनी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिना नाम लिए आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद पर निशाना साधा है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आकाश आनंद के दोबारा नेशनल के कोऑर्डिनेटर बनने से कुछ लोगों में बेचैनी दिखाई दे रही है। मायावती ने एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट में लिखा कि देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनन्द बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे। पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं। कांग्रेस, भाजपा द्वारा बहुजनों की एकता व बीएसपी को कमजोर करने की कोशिश हो रही है।

## अश्लील हरकत करने वाला बुजुर्ग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ अमेठी।** अमेठी एक गांव में 70 वर्षीय बुजुर्ग के द्वारा 11 वर्षीय नाबालिक बच्चे के साथ अश्लील हरकत करने का वीडियो रविवार को वायरल हो गया। इस पर पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया है। यह वायरल वीडियो अमेठी जिले के रामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भागीपुर दुल्हिनपुर गांव का बताया जा रहा है। बुजुर्ग की पहचान रामसेवक पुत्र बदलू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पीड़ित नाबालिक लड़का था।

*मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना करके बदरीविशाल से देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की*

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बदरी विशाल के किए दर्शन




**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बदरीनाथ धाम के भी दर्शन किए। उन्होंने बदरीविशाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और बदरीविशाल से देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री रेखा के बदरीविशाल धाम पहुंचने पर बीकेटीसी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इससे पूर्व आज सबसे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार के साथ केदारनाथ धाम पहुंची थीं जहां हेलीपैड पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति व श्रीकेदार सभा के पदाधिकारियों और केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया । मुख्यमंत्री रेखा ने केदारनाथ मंदिर पहुंच कर रूद्राभिषेक किया और पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश और लोक मंगल की कामना की। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने के बाद कहा कि वह परिवार के साथ बाबा के धाम में पूजा-अर्चना करने का अवसर पाकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हैं। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को बाबा केदार का प्रसाद और रुद्राक्ष की माला भेंट की। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ.हरीश गौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड सरकार और मंदिर समिति की यात्रा व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, पुजारी बागेश लिंग, धर्माधिकारी ओंकार शुक्ला, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, यशोधर मैठाणी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, उमेश पोस्ती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रमोद बगवाड़ी, प्रदीप सेमवाल, अरविंद सेमवाल, पारेश्वर त्रिवेदी कुलदीप धर्म्वाण आदि मौजूद रहे।

